DELHI CRIME 02 sep 2022:Layout 1 9/1/2022 7:24 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | शुक्रवार 02 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-135 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

**मौसम**

अधिकतम –36 | सूर्योदय – 5 : 59
न्यूनतम – 27 | सूर्यास्त – 6 : 41

**सोना चांदी**

सोना – 52120.00 प्रति 10 ग्र | चांदी – 50800.00 किलो

**अर्थसार**

सैंसेक्स –58766.59 | निफ्टी – 17542.80
रु/यूएस डॉलर – 79.62 | रु/यूरो – 79.57

# रक्षा क्षेत्र के लिए 2 सितंबर ऐतिहासिक दिन : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2 सितंबर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के भारत के प्रयासों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री कल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत को देशसेवा में समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने केरल और कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे को लेकर सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि आज और कल क्रमशः केरल और कर्नाटक में कार्यक्रमों में शिरकत करूंगा। इन कार्यक्रमों में शहरी विकास, रक्षा, बंदरगाह, ऊर्जा आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गतिशील शहर कोच्चि पहुंचने पर वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद उन्हें कलाडी गांव में श्री आदि शंकर जन्मभूमि क्षेत्र के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। शाम को कोच्चि में मेट्रो और रेल से जुड़े कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल 2 सितंबर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के भारत के प्रयासों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। पहला स्वदेश निर्मित और निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत चालू किया जाएगा। नए नये नौसेना ध्वज (निशान) का भी अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल, 2 सितंबर मैं मंगलुरु की अपनी बहनों और भाइयों के बीच रहने की आशा करता हूं। 3800 करोड़ रुपये की



प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण या उनकी आधारशिला रखी जाएगी। ये महत्वपूर्ण कार्य मशीनीकरण और औद्योगीकरण से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1-2 सितंबर को कर्नाटक और केरल का दौरा करेंगे। एक सितंबर को छह बजे सायं प्रधानमंत्री कोचीन एयरपोर्ट के निकट स्थित कालडी गांव में आदि शंकराचार्य की पवित्र जन्मस्थली श्री आदि शंकर जन्म भूमि क्षेत्रम् जायेंगे। दो सितंबर को 9:30 बजे प्रधानमंत्री कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत को देशसेवा में समर्पित करेंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री 1:30 बजे मंगलुरु में लगभग 3800 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। इस पोत को घरेलू स्तर पर डिजाइन किया गया और इसे आईएनएस विक्रांत के नाम से एक विमान वाहक पोत के रूप में विकसित किया गया है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना की अपनी संस्था वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है तथा इसका निर्माण पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की शिपयार्ड कंपनी, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने किया है। विक्रांत का निर्माण अत्याधुनिक स्वचालित विशेषताओं से लैस है और वह भारत के सामुद्रिक इतिहास में अब तक का सबसे विशाल निर्मित पोत है। स्वदेशी वायुयान वाहक का नाम उसके विख्यात पूर्ववर्ती और भारत के पहले विमान वाहक पोत के नाम पर रखा गया है, जिसने 1971 के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह पोत तमाम स्वदेशी उपकरणों और यंत्रों से लैस है, जिनके निर्माण में देश के प्रमुख औद्योगिक घराने तथा 100 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संलग्न थे। विक्रांत के लोकार्पण के साथ भारत के पास दो सक्रिय विमान वाहक पोत हो जायेंगे, जिनसे देश की समुद्री सुरक्षा को बहुत बल मिलेगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नये नौसेना ध्वज (निशान) का अनावरण करेंगे, जो औपनिवेशिक अतीत से अलग तथा समृद्ध भारतीय सामुद्रिक विरासत के प्रतीकानुसार है।

**न्यूज फ्लैश**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के लोगों को दी नुआखाई की बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के लोगों को नुआखाई की बधाई दी। नुआखाई फसल से जुड़ा त्यौहार है, जिसमें लोग खेतों में उगी पहली फसल देवी को अर्पित करते हैं। यह त्यौहार मुख्यतौर पर संबलपुर, बरगढ़, झारसुगुड़ा, बोलांगीर, कालाहांडी, नुआपाड़ा, नबरंगपुर, डोगरह और सुन्दरगढ़ में मनाया जाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया, नुआखाई जुहार। नुआखाई के अवसर पर, ओडिशा के भाइयों और बहनों, खासकर पश्चिमी ओडिशा के लोगों को बधाई। मेरी यही कामना है कि प्रेम, भक्ति और सद्भाव का यह अनूठा पर्व सभी के लिए सुख, शांति तथा समृद्धि लेकर आए।

## एलजी ने कहा, 'मुख्यमंत्री से जवाब मांगा तो किए गए व्यक्तिगत हमले, लेकिन उनकी प्रतिबद्धता अटूट'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पर मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया और कहा कि संवैधानिक जिम्मेदारी को निभाते हुए उन्होंने दिल्ली सरकार के कामकाज में बड़ी अनियमितताओं के मुद्दे उठाएं हैं। उनसे अपेक्षा थी कि वे इन मुद्दों को संबोधित करेंगे लेकिन वे जवाब देने के बजाय उन पर ही व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। चरणबद्ध ट्वीट करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि संविधान के तहत वे दिल्ली सरकार की गड़बड़ियों को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीबीआई ने खादी भवन के दो कर्मचारियों पर 17 लाख रुपये का विमुद्रीकरण का आरोप लगाया था। एक जनप्रतिनिधि के तौर पर मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए उसे उन्होंने किस कला के जरिए इसे 14 सौ करोड़ रुपये में बदल दिया। उन्होंने कहा, मैंने सुशासन, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और दिल्ली के लोगों के लिए बेहतर सेवाओं का आह्वान किया। लेकिन दुर्भाग्य से माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने हताशा में भटकाव के हथकंडे और झूठे आरोपों का सहारा लिया है। एलजी ने कहा कि उन्हें आश्चर्य नहीं होगा अगर आने वाले दिनों में उनपर और उनके परिवार पर इस तरह के निराधार व्यक्तिगत हमले किए जाएं। उन्हें पता होना चाहिए कि वे किसी भी परिस्थिति में अपने संवैधानिक कर्तव्यों से विचलित नहीं होंगे। दिल्ली के लोगों के जीवन में सुधार के लिए उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। उपराज्यपाल ने इस दौरान दिल्ली सरकार से जुड़ी बड़ी विसंगतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में गंभीर विसंगतियां उजागर होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपनी कैबिनेट बैठक में इसे वापस ले लिया । दिल्ली सरकार ने स्कूलों कक्षाओं के निर्माण में सीवीसी रिपोर्ट में आई अनियमितताओं पर ढाई साल से अधिक समय तक कोई कार्रवाई नहीं की। मुख्यमंत्री खुद अपनी फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं करते। राज्य के विश्वविद्यालयों में समय पर सीएजी ऑडिट नहीं हो रहा है। कैबिनेट की बैठकों से जुड़े नोट उनके पास कैबिनेट बैठक के बाद पहुंच रहे हैं। एलजी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से अपेक्षा है कि वह सही भावना के साथ इन मुद्दों को संबोधित करेंगे लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उनकी प्रतिक्रिया और कुछ नहीं बल्कि अशोभनीय और अपमानजनक व्यक्तिगत हमले जैसे छलावा के तौर पर आई है।

## तिलक नगर में मेट्रो के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक युवक ने प्लेटफार्म संख्या-2 से मेट्रो ट्रैक पर कूदकर अपनी जान दी। मेट्रो डीसीपी जितेन्द्र मणि से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सतीश मल्होत्रा (65) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल मेट्रो पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी ने बताया घटना सुबह 8.34 बजे की है। यह हादसा द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा और वैशाली जाने वाली रूट पर हुआ। इसकी वजह से मेट्रो का परिचालन भी लगभग आधे घंटे भर तक बाधित रहा। बाद में शव को हटाने से फिर इस रूट पर यातायात सामान्य रूप से शुरू हो सका। इस बीच जब मेट्रो का परिचालन बंद हो गया तो लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा और मेट्रो ने भी इस बात की जानकारी दी। डीसीपी के अनुसार, मृतक की पहचान दामाद ने सतीश मल्होत्रा के रूप में की। सतीश अशोक नगर में रहता था। पूछताछ में दामाद ने बताया कि सतीश का करोलबाग में एक स्पेयर पार्ट्स की शॉप थी और कोरोना महामारी के कारण उसका व्यवसाय घाटे में चला गया था, इसलिए वह काफी समय से अवसाद में चल रहे थे। फिलहाल पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## ममता के आह्वान पर दुर्गा पूजा की रैली में शामिल हुए सौरव गांगुली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आह्वान पर दुर्गा पूजा को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने के लिए यूनेस्को का धन्यवाद जताने की रैली में मशहूर क्रिकेटर सौरव गांगुली भी शामिल हुए हैं। उन्होंने रेड रोड के मंच पर ममता के साथ बैठकर संबोधन किया। गांगुली ने कहा कि बंगालियों के लिए दुर्गा पूजा का महत्व शब्दों में बता पाना असंभव है। उन्होंने रैली में शामिल हुए यूनेस्को के प्रतिनिधियों का धन्यवाद जताया और कहा कि कोलकाता के आतिथ्य का आनंद लीजिए। ममता ने कहा कि सौरव मेरे छोटे भाई की तरह हैं। उन्हें मैं बहुत स्नेह करती हूं। अति व्यस्तता के बावजूद उन्होंने रैली में शामिल



होने और यहां आने के लिए समय निकाला इसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके बाद संबोधन करते हुए सौरव गांगुली ने कहा कि दुर्गा पूजा बंगाली समाज के लिए क्या है यह कल्पना से परे है। अमीर हों या गरीब, प्रभावशाली हों या सामान्य व्यक्ति, दुर्गा पूजा सभी के चेहरे पर खुशी लाती है। सात साल से लेकर 70 साल तक सभी के लिए आनंद का कारण दुर्गा पूजा होती है।

## फडणवीस से मिले जॉर्जिया के सीनेटर जॉन ओसॉफ, औद्योगिक संबंध बढ़ाने पर हुई चर्चा

**मुंबई।** जॉर्जिया राज्य के वरिष्ठ प्रतिनिधि सभा के सदस्य (सीनेटर) जॉन ओसॉफ और सदस्य माईक हैंकी गुरुवार को उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले। इस मौके पर दोनों देशों के बीच औद्योगिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंधों को बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। जॉर्जिया के प्रतिनिधियों ने कहा कि जॉर्जिया चिकित्सा शिक्षा के लिए भारत से सबसे अधिक छात्रों को प्रवेश देता है। मुंबई सपनों का शहर है। महाराष्ट्र को देश की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। महाराष्ट्र विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप में अग्रणी है। भारत आने वाला अमेरिकी निवेश बड़ी संख्या में राज्य में आ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने अमेरिकी उद्यमियों को राज्य में ऊर्जा क्षेत्र, कृषि प्रौद्योगिकी और कौशल विकास में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। नई शिक्षा नीति के अनुसार अनुसंधान और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। राज्य में कई शिक्षण संस्थानों और उनके द्वारा उत्पादित कुशल जनशक्ति के लिए अवसर पैदा किए जाने चाहिए। राज्य सॉफ्टवेयर निर्माण और निर्यात में भी अग्रणी है। तकनीकी अनुसंधान के इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए अन्य देशों का सहयोग लिया जा



रहा है। हाल ही में बताया गया कि इस संबंध में कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। बेमौसम बारिश के कारण कृषि क्षेत्र संकट का सामना कर रहा है जबकि देशों की कुशल जनशक्ति एक बड़ी ताकत है। कृषि और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कृषि के लिए अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। कृषि प्रसंस्करण उद्योग को लक्षित किया जाएगा। राज्य बागवानी के क्षेत्र में अग्रणी है। कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ सौर ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हर्षदीप कांबले, उपमुख्यमंत्री के सचिव श्रीकर परदेशी उपस्थित थे। इस मौके पर अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## दिल्ली विधानसभा के बाहर भाजपा ने केजरीवाल और सिसोदिया का फूंका पुतला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बाहर पूर्व मेयर जय प्रकाश के नेतृत्व में भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने दोनों के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला भी जलाया। जय प्रकाश ने बताया कि दिल्ली विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के पुतले फूंक कर रोष जताया गया। दिल्ली विधानसभा में पिछले चार दिनों से



विशेष सत्र चल रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री अपने भ्रष्टाचार को दबाने के लिए सदन का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और सिसोदिया भ्रष्टाचारियों के शुभचिंतक हैं। सिसोदिया को बर्खास्त कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देना चाहिए। वहीं आज विधानसभा के विशेष सत्र में भाजपा और आप विधायकों के बीच में हंगामा जारी रहा। डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला ने भाजपा के विधायक विजेंद्र गुप्ता को पूरे सत्र से निष्कासित कर दिया। वहीं, भाजपा के 6 विधायकों को मार्शल के सहायता से दिनभर के लिए बाहर कर दिया गया। इसके बाद भाजपा के विधायक दल नेता और नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सदन की कार्यवाही से वाकआउट करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

## हाई कोर्ट का सीबीआई को आदेश : पार्थ चटर्जी और उसके करीबियों को दी गई नौकरी की जल्द पूरी करें जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के करीबियों को नौकरी मिलने की जांच जल्द पूरी करने का आदेश सीबीआई को दिया है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जांच में साफ हो चला है कि पार्थ चटर्जी के बॉडीगार्ड और उनके अन्य करीबियों को गैरकानूनी तरीके से नौकरी मिली है। धीरे-धीरे समय जा रहा है। इसमें ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए इसलिए सीबीआई जल्द से जल्द इन नियुक्तियों की जांच पूरी करें। जिन्हें नौकरी दी गई है वे मेरिट लिस्ट में शामिल थे या नहीं यह भी जांच करनी होगी। इसके अलावा न्यायमूर्ति गांगुली ने सीबीआई से साफ कहा कि पार्थ के बॉडीगार्ड विश्वंभर मंडल और उन सभी लोगों से पूछताछ शुरू की जाए जो संदेह के दायरे में हैं। दरअसल रमेश मलिक नाम के एक व्यक्ति की याचिका पर गत जुलाई महीने में न्यायमूर्ति गांगुली की एकल पीठ में सुनवाई शुरू हुई थी। अभी तक 10 ऐसे लोगों के बारे में जानकारी मिल चुकी है जो शिक्षा मंत्री के बॉडीगार्ड के रिश्तेदार थे और उनकी नौकरी गैरकानूनी तरीके से मिलने का दावा किया जा रहा है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा परिषद के दफ्तर में बैठकर सीबीआई नियुक्ति संबंधी तमाम दस्तावेजों को देख सकती है। 16 सितंबर के पहले यह काम पूरा करना होगा। जिन 10 लोगों को संदिग्ध तौर पर नौकरी दी गई है उनसे पूछताछ भी शुरू करनी होगी।

## यूपी में मदरसों के सर्वे पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे का फैसला लिया है। सरकार के इस निर्णय पर विवाद भी छिड़ गया है और असदुद्दीन ओवैसी भी इसमें कूद गए हैं। योगी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए ओवैसी ने कहा कि ऐसा ही है तो फिर आदेश जारी करना चाहिए कि अब कोई मुसलमान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला मनमाना है और मुसलमानों को शक की नजर से देखने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यह छोटा एनआरसी जैसा फैसला है। ओवैसी ने कहा कि सरकार जिन मदरसों को कोई मदद नहीं देती है, उनकी जांच कराने का हक उसके पास नहीं है। ओवैसी ने कहा, 'निजी मदरसों से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उनका सर्वे आखिर सरकार क्यों करा रही है। मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त संस्थानों को



ही सरकार मदद देती है और उनकी ही जांच करा सकती है।' हैदराबाद के सांसद ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपने संस्थान चलाने का हक है। उन्होंने कहा कि यह सर्वे नहीं है बल्कि छोटा एनआरसी है। वहीं इस पर विवाद छिड़ने के बाद योगी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकार का मकसद बताया है कि आखिर क्यों मदरसों के सर्वे का फैसला लिया गया है। दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हम यह सर्वे इसलिए करना चाहते हैं ताकि छात्रों की संख्या पता हो। किसी भी तरह का डेटा हमारे सामने होगा, तभी तो हम योजनाओं को आसानी से तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसपी और बीएसपी की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। गौरतलब है कि यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे करवाया जाएगा। इसके लिए शासन के उप सचिव शकील अहमद सिद्दीकी की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि 10 सितम्बर तक इस सर्वे के लिए टीम गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शामिल होंगे। यह सर्वे 5 अक्टूबर तक पूरा होना है और सरकार के पास 25 अक्टूबर तक यह डेटा जाएगा। सर्वे में बिना मान्यता के मदरसों की स्थापना का वर्ष, भूमि का विवरण, भवन की स्थिति, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की संख्या, पाठ्यक्रम, आय का स्त्रोत आदि की डिटेल होगी। मदरसों का सर्वे कराकर इन मदरसों का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त किया जाएगा, जिससे मालूम हो सकेगा कि प्रदेश में कुल कितने प्रकार के मदरसे हैं। दानिश आजाद ने कहा कि यह एक सर्वे है.ताकि विवरण हासिल हो सके। इसे किसी भी प्रकार की जांच ना समझा जाए।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: केशव प्रसाद मौर्य



**– उपमुख्यमंत्री ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया**

**सोनभद्र।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीज एवं तीमारदारों से बातचीत की। उपमुख्यमंत्री ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए है। केशव मौर्य ने कहा कि प्रदेश की सरकार आम नागरिकों के भलाई के प्रति तत्पर है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के लिए केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। वे जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, इमरजेन्सी वार्ड, मरहम पट्टी कक्ष, पोस्ट नेटल वार्ड, लेबर रूम व प्रसव कक्ष, एसएनसीयू, एनआरसी कक्ष आदि के निरीक्षण के दौरान संतुष्ट दिखे। उन्होंने अस्पताल परिसर की बेहतर साफ-सफाई और यहां आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराई जाए इसक निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। जिला संयुक्त चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सासंद रामसकल, राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गौड़, विधायक सदर भूपेश चौबे आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## उत्तर प्रदेश में नशे के विरुद्ध महाअभियान

आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार नशे के खिलाफ एक महाअभियान आरम्भ किया गया है जिसकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। नशे के विरुद्ध इस अभियान की निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं और इसका प्रभाव सामने आने लगा है। प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों के पीछे एक बड़ा कारण युवाओं का नशे की ओर बढ़ता झुकाव भी है। अधिकांश छोटे -बड़े अपराधों में गांव शहर कस्बों व गलियों तथा पार्कों में बैठकर नशे का धुआं उड़ाने वाले , स्मैक, चरस गांजा आदि का इस्तेमाल करने वाले लोग ही शामिल होते हैं जो अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का संकल्प लिया है। अब वे प्रदेश के युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए चल पड़े हैं । अभी तक यह अभियान बैनर पोस्टर लगाने और नशे के विरुद्ध प्रचार तक ही सिमटा हुआ था जिसके कारण समस्या कम होने के बजाय बढ़ती चली जा रही थी। अब प्रदेश में मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया है। नशे के कारोबारियों की संपत्तियां जब्त किए जाने के साथ ही उनके पोस्टर सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर चस्पा करने का निर्देश जारी किया गया है। नशीले पदार्थों की कमाई से जुटाई गई संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलेगा। एएनटीएफ प्रदेश की सीमाओं पर गोवंश की तस्करी पर भी शिकंजा कसेगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने युवाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं के पास लगने वाली तंबाकू व पुड़िया बेचने वाली सभी दुकानों को हटाने का दिशा निर्देश भी जारी किया है और साथ ही सभी स्कूलों में छात्रों को तंबाकू के खिलाफ जागरूक किया जाएगा जिसमें उन्हें तंबाकू व अन्य नशीली सामग्री के सेवन से होने वाले शारीरिक था मानसिक दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दी जाएगी। एएनटीएफ को के लिए पूरे प्रदेश को तीन क्षेत्रों पश्चिम, मध्य व पूर्व में बांटा गया है। हर क्षेत्र के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक होंगे। एएनटीएफ फोर्स ने मादक पदार्थों और अवैध शराब की मांग को कम करने के लिए संबिधत एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम करना आरम्भ कर दिया है। मादक पदार्थों का सेवन कम करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। इस अभियान में प्रथम चरण में 250 तेज तर्रार अफसरों को लगाया गया है। यह फोर्स पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय बनाकर काम करेगी। पड़ोसी राज्यों की सीमा से जुड़े जिलों की पुलिस की भी सक्रियता बढ़ाई जाएगी। फोर्स को पहली बार मादक पदार्थों व अवैध शराब के जब्तीकरण,एफआईआर पंजीकरण व विवेचना की शक्तियां प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन सामान्य से अपील की है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ जो जो अभियान चल रहा है उसमें समाज के प्रत्येक नागरिक को अपनी भागीदारी दिखानी होगी क्योंकि यह युवाओं के साथ -साथ देश को बचाने का अभियान है। जहरीली शराब हो या फिर किसी भी प्रकार के ड्रग्स यह युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का षड्यंत्र है जिसे अभियान चलाकर समाप्त करना होगा। मुख्यंमत्री का कहना है कि हमारा युवा इस अभियान का हिस्सा बने। किसी भी नशे के खिलाफ हमें मिलकर लड़ना होगा। नशे के कारोबार को राष्ट्रीय अपराध घोषित करते हुए सरकार की ओर से दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के कड़े निदेशों के बाद पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों की काली कमाई से जुटाई गई संपत्तियों को जब्त किए जाने की कार्रवाई तेज कर दी है। 29 अगस्त तक तस्करों की 14.79 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की है। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 4060 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है।

## महान सनातन भारतीय संस्कृति ही इस देश का मूल आधार है



लेखक - प्रहलाद सबनानी /ईएमएस

किसी भी राष्ट्र के मूल में कुछ तत्व निहित होते हैं, जिनके बल पर वह देश आगे बढ़ता है और समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोए रखता है। भारत के एक राष्ट्र के रूप में, इसके मूल में, सनातन हिंदू संस्कृति का आधार है जो हजारों वर्षों से भारत को आज भी भारत के मूल रूप में ही जीवित रखे हुए है। अन्यथा, पिछले लगभग 1000 वर्षों में भारत को तोड़ने के लिए अरब के आक्रांताओं और अंग्रेजों के द्वारा अनेकानेक प्रयास किए गए हैं। अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने बहुत अधिक प्रयास किए कि किसी तरह भारतीय मूल संस्कृति को तहस नहस किया जाय, शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया जाय, बलात हिंदुओं का धर्म परिवर्तन किया जाय, आदि आदि। इन प्रयासों में उन्हें कुछ सफलता तो अवश्य मिली परंतु पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाए। जबकि कई अन्य देशों (ईरान, लेबनान, इंडोनेशिया, मिस्त्र, ग्रीक आदि) में इनके यही प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहे एवं वहां के लगभग सम्पूर्ण नागरिकों को इस्लाम में परिवर्तित करने में वे सफल रहे। भारत में चूंकि सनातन हिंदू धर्म का बोलबाला है अतः यहां इन तत्वों को आज तक सफलता नहीं मिली है हालांकि इनके प्रयास अभी भी जारी हैं।

अंग्रेजों ने जब भारत पर शासन करना प्रारम्भ किया तो उनका अज्ञानतावश यह सोच था कि यहां के नागरिक कुछ जानते ही नहीं है और इनकी विज्ञान के प्रति कोई समझ ही नहीं है।उनका यह भी सोच था कि हिन्दुस्तान कई राज्यों का एक समूह है और यह एक राष्ट्र नहीं है। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा है, ना ही अभी यह एक राष्ट्र है और न ही कभी भविष्य में यह एक राष्ट्र रह पाएगा। क्योंकि यहां तो विभिन्न राजा राज्य करते हैं और उनके राज्यों की अलग अलग भौगोलिक सीमाएं हैं इसलिए भारत का एक राष्ट्र के रूप में कभी अस्तित्व ही नहीं रहा है। अंग्रेज यह भी मानते थे कि पूरे भारत के लोग एक हो जाएंगे यह कभी सम्भव ही नहीं है। अंग्रेज अहंकारवश भारतीयों को अनपढ़, असभ्य एवं रूढ़िवादी तक कहते थे। उनकी नजरों में भारतीयों की कोई एतिहासिक उपलब्धि नहीं है एवं भारत के बर्बर, जंगली लोगों को सभ्यता सिखाने का दायित्व हमारा (अंग्रेजों का) है। भारत के लोग प्रशासन करने के अयोग्य है। किसी कारण से यदि भारत को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे दिया तो इस देश की बबार्दी सुनिश्चित है और फिर इसकी जवाबदारी हमारी (अंग्रेजों की) होगी। उनको विशेष रूप से हिंदुओं से बहुत डर लगता था और वे हिंदुओं से सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया करते थे। उनका सोच था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत बहुत जल्दी बर्बाद हो जाएगा। भारत में लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता, यह बहुत ही अस्वाभाविक राज्य है। भारत आजाद होते ही कई टुकड़ों में बिखर जाएगा क्योंकि यहां 52 करोड़ लोग हैं एवं इनकी अलग अलग भाषाएं हैं ये आपस में लड़ते रहते हैं और कभी भी एक नहीं रह पाएंगे।

भारत आजादी के बाद पूरी दुनिया के लिए एक भार बन जाएगा एवं यहां के नागरिक भूख से ही मर जाएगे। उक्त सोच ब्रिटेन, अमेरिका, लगभग समस्त यूरोपीय देशों सहित कई देशों की भी थी। आज भी आतंकवादी संगठन एवं विदेशी ताकतें जो भारत को अस्थिर करना चाहते हैं वे इसी परिकल्पना पर अपना कार्य प्रारम्भ करते हैं एवं समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में लड़ाने का प्रयास करते नजर आते हैं। उक्त वर्णित देशों की यह सोच इसलिए थी क्योंकि उनके पास हिंदू सनातन संस्कृति का कोई ज्ञान नहीं था बल्कि उनकी अपनी पश्चिम रंग में रची बसी सोच थी जो केवल ह्लमैंह्व में विश्वास करती थी उनके लिए देश मतलब केवल भौगोलिक सीमाओं वाला जमीन का टुकड़ा और उस जमीन के टुकड़े पर रहने वाले लोग ही विशेष हैं। उनके सोच में अहम का भाव कूट कूट कर भरा है। केवल मैं ही श्रेष्ठ हूं। इस दुनिया में रहने वाले बाकी सभी लोग हमसे हीन हैं। जर्मन लोगों ने अपना एक विशेष दर्शन शास्त्र दुनिया के सामने रखा जिसमें उन्होंने किसी और दर्शन को स्वीकार न करते हुए केवल अपने दर्शन को ही श्रेयस्कर माना एवं अहंकार का भाव जाहिर किया। जर्मन, फ्रेंच से भिन्न हैं। यूरोप में प्रत्येक देश ने अपने आप को दूसरे देश से बिलकुल अलग रखा हुआ है। पश्चिम का राष्ट्रवाद एकांतिक है इसमें समावेशिता का नितांत अभाव है। इसीलिए आज रूस, यूक्रेन के साथ लड़ रहा है तो जर्मनी की फ्रान्स के साथ नहीं बनती है। इसी प्रकार यूरोप के लगभग सभी देशों के आपसी विचारों में किसी न किसी प्रकार की भिन्नता दृष्टिगोचर होती रहती है। जबकि यह लगभग सभी देश ईसाई धर्म को मानने वाले देश हैं। आज कई इस्लामी देश भी पश्चिमी सोच की राह पर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं कि केवल हमारा धर्म ही श्रेष्ठ है। इस धरा पर जो भी इस्लाम को नहीं मानता हैं वह काफिर है और उसे जीने का हक नहीं हैं। काफिर या तो इस्लाम को कबूल करे अथवा वह मार दिया जाएगा। और तो और इस्लामी देशों में भी अलग अलग किस्म के कई फिर्के आपस में ही लड़ते झगड़ते रहते हैं एवं एक दूसरे को अपने से श्रेष्ठ सिद्ध करने की कोशिश में लगे रहते हैं। जबकि भारतीय विचारधारा इसके ठीक विपरीत आचरण करना सिखाती है विशेष रूप से सनातन हिंदू संस्कृति में जो व्यक्ति जितना विशेष होगा वह उतना ही विनयपूर्ण होगा और इस नाते भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति अविभाजनकारी दर्शन पर चलकर सर्वसमावेशी है। इसमें ईश्वरीय भाव जाहिर होता है। जो मेरे अंदर है वही आपके अंदर भी है अर्थात मुझमें भी ईश्वर है और आपमें भी ईश्वर का वास है। इस प्रकार प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी जाति का हो, किसी भी मत, पंथ को मानने वाला हो, अपने आप को भारत माता का सपूत कहने में गर्व का अनुभव करता है। और, इसलिए भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति अन्य संस्कृतियों को भी अपने आप में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। इतिहास में इस प्रकार के कई उदाहरण दिखाई देते हैं। जैसे पारसी आज अपने मूल देश में नहीं बच पाए हैं लेकिन भारत में वे रच बस गए हैं। इसी प्रकार इस्लाम धर्म को मानने वाले लगभग सभी फिर्के भारत में निवास करते हैं जबकि विश्व के कई इस्लामी देशों में केवल एक विशेष प्रकार के फिर्के पाए जाते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, अंग्रेजों एवं अन्य कई देशों की सोच के ठीक विपरीत, विभिन्न मत, पंथों को मानने वाले भारतीय 26 विभिन्न राष्ट्रीय भाषाओं के साथ न केवल सफलतापूर्वक एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाकर आनंद में रह रहे हैं बल्कि आज भारतीय लोकतंत्र पूरे विश्व में सबसे बड़े मजबूत लोकतंत्र के रूप में अपना स्थान बना चुका है। यह केवल सनातन हिंदू संस्कृति के कारण ही सम्भव हो सका है। सनातन हिंदू संस्कृति में एकात्मता का भाव मुख्य रूप से झलकता है। अतः वर्तमान में आतंकवादियों एवं अन्य कई देशों द्वारा भारत में अस्थिरता फैलाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के दर्शन को अपनाकर ही पूर्णतः दबाया जा सकता है एवं इसलिए आज सामाजिक समरसता की देश में सबसे अधिक महती आवश्यकता है। इसके भी आगे जाकर आज भारतीय मुस्लिमों के लिए पूरे विश्व के सामने भारतीयता की पहचान कराने का समय आ गया है एवं भारतीय संस्कृति में रचे बसे इस्लाम के चेहरे को पूरे विश्व के सामने लाना चाहिए ताकि पूरे विश्व से आतंकवाद का सफाया किया जा सके। वैसे हाल ही के समय में कई देशों यथा, जापान, रूस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया आदि आदि में भारतीय संस्कृति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परमपूज्य सर संघचालक श्री मोहन भागवत जी भी कहते हैं कि हमारे यहां (भारत में) सब बातों में अपनापन देखने की प्रवृत्ति है। अपनापन देखने की प्रवृत्ति से दुनिया का भला होता है। अलगाव देखने की प्रवृत्ति से दुनिया में कलह होती है, शोषण होता है, अन्याय होता है, युद्ध होते हैं, पर्यावरण की हानि होती है। इसलिए सनातन धर्म की सबको अपना मानने की प्रवृत्ति जो धर्म है, उसकी रक्षा के लिए भारत का निर्माण हुआ है। अब तो विश्व के कई विकसित देशों को भी यह आभास होने लगा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति इस धरा पर सबसे पुरानी संस्कृतियों में एक है और भारतीय वेदों, पुराणों एवं पुरातन ग्रंथों में लिखी गई बातें कई मायनों में सही पाई जा रही हैं।

## आज का कार्टून।




## डालर की दादागिरी को वैश्विक चुनौती



लेखक -सनत कुमार जैन /ईएमएस



अमेरिका के पास, दुनिया का 18 ट्रिलियन डॉलर बकाया है। जो अमेरिका की जीडीपी का 73 फीसदी है। मुद्रा कोष में 50 फीसदी का पैमाना खतरे का निशान माना जाता है। अमेरिका का स्तर वर्तमान में 73 फीसदी पर पहुंच गया है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था लगातार धीमी पड़ रही है। इससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर के कारण दुनिया के कई देश वित्तीय संकट में आ जाते हैं। आयात- निर्यात व्यापार का संतुलन बिगड़ जाता है। भुगतान को लेकर बड़े संकट खड़े हो जाते हैं। 1970 के दशक में डालर की तुलना में अन्य देशों की मुद्रा में भारी गिरावट आई थी। जो लगभग 7 वर्षों तक चली थी। 2011 के बाद से डॉलर की मूल्य वृद्धि अन्य देशों की मुद्राओं को लगातार कमजोर बना रही है। जिसके कारण दुनिया के कई देश विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहे हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था, डालर की मूल्य वृद्धि के कारण लड़खड़ा रही है। डालर के कारण कई देश जरूरी चीजों का आयात नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण उन देशों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। अमेरिका ने जिस तरह से रूस पर पाबंदी लगाकर रूस को वित्तीय संकट में डाल दिया था। प्रतिबंध का असर रूस के आम नागरिकों को झेलना पड़ा। रूस जैसी महाशक्ति को अमेरिका के प्रतिबंध और डॉलर मैं लेन-देन बंद होने से भारी परेशान हुई। उसके बाद दुनिया के अधिकांश देश भी डालर मुद्रा को लेकर वैकल्पिक उपाय सोचने लगे हैं। दुनिया के कई देशों ने आयात निर्यात के लिए अपने संबंधों के आधार पर उन देशों की मुद्रा स्वीकार करना शुरू कर दी। कुछ प्रतिशत में अन्य मुद्राओं को स्वीकार करना शुरू कर दिया है।

वर्तमान में दुनिया के मुद्रा भंडार में डालर की भागीदारी 59 फीसदी पर पहुंच गई है। 1995 की तुलना में यह सबसे निम्न स्तर है। डॉलर को चुनौती देने के लिए डिजिटल मुद्रा ने भीकुछ समय के लिए अपनी धमक बनाई थी। किंतु विश्वसनीयता नहीं होने के कारण विश्व भर के देश डालर के स्थान पर अन्य मुद्राओं को आयात निर्यात के विकल्प के रूप में देख रहे हैं। रूस और ईरान जैसे देशों ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद जिस तरीके से आर्थिक संकट का मुकाबला किया है। डालर मुद्रा के प्रतिबंधों का जवाब अन्य तरीके से देकर उन्होंने अमेरिका को आईना दिखाने का काम किया है। डालर मुद्रा की लगातार मूल्य वृद्धि के कारण अन्य देशों ने भी डालर के मुकाबले अन्य विकल्प अपनाने शुरू कर दिए हैं। जिसके कारण डालर का दबदबा कम होता जा रहा है। अमेरिकी डॉलर के स्थान पर यूरोप,जापान और यूके मुद्रा भी विकल्प के रूप में सामने है। इसी तरह आयात- निर्यात के असंतुलन में अन्य मुद्रा के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जिसके कारण डालर का दबदबा धीरे-धीरे खत्म होता हुआ, दिख रहा है।

## हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुनः उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।

## भारत की आस जुड़ी है आशाकर्मियों से



लेखक- सोनम लववंशी ( ईएमएस)

आशा यानि उम्मीद और ये उम्मीद ही है, जिसकी बदौलत हम बहुत कुछ बदल सकते है। अगर उम्मीद है, तो कुछ भी हासिल करना सम्भव है। ऐसा ही कुछ हमारे देश में आशा कार्यकताएं कर रही हैं। उनके कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है जिसे वो बखूबी निभाती भी हैं। इसकी एक बानगी हमें कोरोना काल में देखने को मिली। जब लोगों के भीतर भय का माहौल था, लोग अपनों से ही डर रहे थे कि कहीं जान सांसत में न फंस जाए। तब ये आशा कार्यकताएं अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की जान बचाने में लगी हुई थी। देखा जाए तो वर्तमान में हमारे देश में दस लाख आशा कार्यकर्ताए हैं। जो दिन-रात मेहनत कर लोगों के घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचा रहीं हैं। इनमें से कुछ लाइम-लाइट में अपने काम की वजह से आ जाती हैं तो कुछ गुमनामी में भी अपना काम करती रहती हैं। इसी बीच मध्यप्रदेश के रीवा जिले की एक आशा कार्यकर्ता रंजना द्विवेदी काफी सुर्खियों में हैं। उनके सुर्खियों में बने होने का एक सबसे बड़ा कारण उनका समर्पण और अपने कर्तव्य के प्रति वफादारी है। जिसकी बदौलत वो देश-दुनिया में नाम कमा रही हैं और बीते दिनों उनसे अमिताभ बच्चन ने भी चर्चा की। ऐसे में आज हम आशा कार्यकताओं के बारे में और उनके कार्य में आने वाली अड़चनों की बात करते। जो सामाजिक और आर्थिक दोनों प्रकार की होती है। आज हम भले इक्कीसवीं सदी में जी रहें हैं। जहां चीजें काफी आसान हो गई हैं, लेकिन आशा कार्यकताओं का पेशा अनगिनत दुश्वारियों से होकर आगे बढ़ता है। आशाकर्मी को उचित मेहनताना नहीं मिलता, नर्सों की तरह सम्मान नहीं मिलता। इसके अलावा भी कई अड़चनों से होकर गुजरना पड़ता है। इन सबके बावजूद भी आशाकर्मी कभी आस नहीं छोड़ती और अपने काम में तलीनता के साथ लगी रहती है। रीवा जिले की रंजना के जीवन में आने वाली ही अड़चनों को देख लीजिए। वो रीवा जिले के तरई अंचल के कोनी रुपाली गांव से आती हैं। उन्होंने कोरोना काल जैसी महामारी के बीच हर दिन 7 किलोमीटर न सिर्फ पैदल चलना सुनिश्चित किया, बल्कि नदी पार कर एक छोटे से पहाड़ी गांव गुरगुदा जाती थी।

ये गांव तीन तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ है, और इस गांव में पहुँचने के लिए नदी तक पार करनी पड़ती है। उन्होंने न केवल इस कठिन सफर को तय किया बल्कि ग्रामीण जनता को भी जागरूक करने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी जुबानी में कहें तो एक समय ऐसा भी आया। जब ग्रामीणों ने आशा कार्यकर्ता की बात को अनसुना कर दिया। साथ ही टीकाकरण का भी जमकर विरोध किया लेकिन आशा कार्यकर्ता की हिम्मत और लगन की बदौलत आज गांव में 100 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। रंजना ने अपने बेटे के साथ मिलकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पोस्टर तक बनाएं। ताकि पोस्टर के जरिए लोगों को समझाया जा सकें और आखिरकार उनकी यह मेहनत रंग लाई। यह आशाकर्मी रंजना द्विवेदी की अपने काम के प्रति निष्ठा ही है। जिसकी बदौलत उनका चयन विश्व के सर्वश्रेष्ठ 19 महिलाओं में हुआ और वुमन-19 में उन्हें सबसे प्रभावशाली महिलाओं में तीसरा स्थान मिला। यह उपलब्धि उनके लिए और विशेषकर आशाकर्मियों के लिए बहुत मायने रखती है, क्योंकि रंजना न तो कोई सेलिब्रेटी हैं और ना ही उनका कॉरपोरेट जगत से कोई नाता। लेकिन उन्होंने फिर भी अपनी लगन और जज्बे के दम पर जो मुकाम हासिल किया वह काबिलेतारीफ है। किसी ने सच ही कहा है कि इंसान चाहें तो अपनी मेहनत और किस्मत से क्या कुछ नहीं हासिल कर सकता। कोरोना काल में रंजना द्वारा किए गए साहसिक कार्य के लिए अमेरिकी संस्था एनपीआर ने उन्हें न केवल अपने सर्वे में शामिल किया। बल्कि 19 प्रभावशाली महिलाओं में तीसरा स्थान भी दिया। एक कहावत है कि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। कुछ ऐसी ही मिसाल रंजना द्विवेदी ने भी पेश की है। वह 7 किलोमीटर के पैदल सफर में न ही डकैतों से डरी न ही जंगली जानवरों का भय सताया। यहां तक कि गांव पहुंचने के लिए नदी तक को पार किया। तमाम चुनौतियों के बाद भी रंजना का समाज सेवा के प्रति जज्बा कम नहीं हुआ। उनके इस जज्बे को आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है। वैसे यह कोई पहला सुखद वाकया नहीं। जब किसी आशा कार्यकर्ता के साहसिक कार्य की सराहना की जा रही हो। इससे पहले भी ओडिशा की एक महिला आशा कार्यकर्ता मतिल्दा कुल्लू ने फोर्ब्स मैगजीन की शोभा अपने काम के प्रति समर्पण से बढ़ाई थी। बता दें कि 45 वर्षीय मतिल्दा कुल्लू आदिवासी बाहुल्य सुंदरगढ़ ज़िले के गरगड़बहल गांव की रहने वाली हैं और वह बीते 15 सालों से अधिक समय से एक सरकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ता यानी आशा के रूप में काम कर रही हैं। आशा कार्यकर्ता का जिक्र होते ही हमारे मन में कई सवाल आते है। आशा कार्यकताओं की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है। स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में इससे जुड़ी महिलाएं समाज की एक बड़ी जिम्मेदारी उठाती हैं, लेकिन न उन्हें उनके काम के एवज में वेतनमान मिल पाता और न ही सरकारी सुविधाएं। जो हमारे देश का एक सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

## प्रसंगतः संन्यासी की दया भावना

स्वामी दयानंद गिरि एक ब्रह्मनिष्ठ संत थे। वे प्रायः कहा करते थे कि जो व्यक्ति गरीबों व असहायों से प्रेम करता है, भगवान् उसे अपनी कृपा का अधिकारी बना देते हैं। स्वामीजी विरक्तता की साक्षात् मूर्ति थे। चौबीस घंटे में एक बार किसी घर से भिक्षा प्राप्त करते थे। शेष समय साधना व लोगों को सदाचार का उपदेश देने में लगाते। एक बार किसी मजदूर ने उन्हें नंगे पाँव विचरण करते देखकर कपड़े के जूते भेंट किए। उन्होंने उस निश्छल भक्त के जूते खुशी-खुशी स्वीकार कर लिए कुछ वर्ष बाद उनका एक भक्त नए जूते लेकर आया तथा प्रार्थना की कि पुराने जूते उतारकर उसके लाए जूते पहन लें। स्वामीजी ने जवाब दिया, 'इन जूतों में मुझे गरीब मजदूर के प्रेम की झलक दिखाई देती है। मैं इन्हें तब तक पहनता रहूँगा, जब तक ये पूरी तरह फट न जाएँ।' एक बार उनके भक्त शिवरात्रि पर भंडारा कर रहे थे। स्वामीजी प्रवचन में कह रहे थे कि वही सत्कर्म सफल होता है, जिसमें गरीबों के खून-पसीने की कमाई लगती है। अचानक उन्होंने देखा कि दरवाजे पर कुछ लोग एक वृद्धा को हाथ पकड़कर बाहर निकाल रहे हैं। स्वामीजी ने कहा, 'माई को आदर सहित यहाँ लाओ।' वृद्धा आई तथा बोली, 'महाराज, मेरे ये दो रुपए भंडारे में लगवा दें। ये लोग नहीं ले रहे हैं।' स्वामीजी ने भक्त को पास बुलाया और बोले, 'इन दो रुपए का नमक मंगवाकर भंडारे में लगवा दो। खून-पसीने की ईमानदारी की कमाई के नमक से भंडारा भगवान् का प्रसाद बन जाएगा।'

# गोवा पुलिस ने सोनाली के हिसार आवास पर की जांच, परिजनों की मौजूदगी में खोला गया मकान

**- पुलिस टीम ने परिजनों से लिए सोनाली के साथ किये गए चैट के स्क्रीन शॉट**
**- दोनों बहनों और मां की सोनाली से आखिरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग ली**

**हिसार, (हि.स.)।** भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट हत्याकांड के साक्ष्य जुटाने के लिए हिसार आई गोवा पुलिस की दो सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह सोनाली के संत नगर वाले मकान पर पहुंची। गोवा पुलिस अधिकारियों के पास इस मकान की चाबी नहीं थी, इसलिए पुलिस वापस लौट गई। इसके बाद परिजनों को बुलवाकर मकान खुलवाया गया। सोनाली के भाई वतन ढाका और जीजा अमन पूनिया ने ताला खोला और अधिकारियों को लेकर अंदर गए। गोवा पुलिस सबसे पहले घर की ग्रांउड फ्लोर पर रही। ग्राउंड फ्लोर पर सोनाली के ऑफिस की जांच की। इसके बाद टीम ने ऊपरी मंजिल की तलाशी ली। सोनाली के ऊपरी मंजिल के कमरों में काफी अच्छी डेकोरेशन हुई थी। गोवा पुलिस की टीम ने पूरे कमरे की वीडियोग्राफी की। सोनाली और उसके पति की पुरानी तस्वीरों को इंस्पेक्टर थेरॉन डिकोस्टा ने अपने मोबाइल से खींचा। सोनाली के कमरे की एक अलमारी में पुरानी वाइन की बोतल मिली। साथ ही तीन-चार गिलास मिले। बेडरूम खोलकर इन कमरों की लंबाई और चौड़ाई भी जांची गई। गोवा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की डिवाइस देखी, परंतु उसे अपने कब्जे में नहीं लिया।





गोवा पुलिस ने सोनाली के कार्यालय से प्रापर्टी के कागजात बरामद किए। करीब सवा घंटे तक उसने घर के ऊपरी कमरों में भी की। सर्च करने के बाद गोवा पुलिस प्रोपर्टी के कागजात लेकर निकल गई। सोनाली के जीजा अमन पूनिया ने बताया कि गोवा पुलिस तहसील कार्यालय से रिकार्ड लेगी। अमन ने कहा कि सोनाली के पास 110 करोड़ की प्रापर्टी नहीं बल्कि सवा 6 एकड़ पैतृक संपत्ति है। दुकानें भी पैतृक संपत्ति है। गोवा सरकार इसे ड्रग्स के मैटर पर केस को खत्म करना चाहती है। अमन ने कहा कि सोनाली की हत्या के पीछे राजनीतिक षडयंत्र है। गोवा से आए अधिकारी कल रात हिसार सीआईए में ही रूके। संतनगर वाला मकान खंगालने के बाद तहसील से सोनाली की प्रापर्टी संबंधी रिकॉर्ड लिया जाएगा ताकि सोनाली के परिवार के उन दावों की सच्चाई को खंगाला जा सके, जिसमें सोनाली की प्रापर्टी को लीज पर लेने के लिए सुधीर सांगवान के दस्तावेज तैयार करवाने की बात कही गई है। हिसार में सर्च पूरी करने के बाद टीम गुरुग्राम के लिए रवाना हो गई। गुरुग्राम में भी सोनाली के परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे। गोवा पुलिस सुधीर सांगवान से फ्लैट और गाड़ी की चॉबी लेकर आई है क्योंकि वहां से अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। इससे पहले बुधवार को गोवा पुलिस की दो सदस्यीय टीम ने लगभग पांच घंटे तक फार्म हाउस का कोना-कोना खंगाला। यह पूरी सर्च सोनाली के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में की गई। गोवा पुलिस ने अपनी जांच में सोनाली की 15 वर्षीय बेटी यशोधरा को भी शामिल किया है। गोवा पुलिस के इंस्पेक्टर टेरेन डिस्कोस्टा और एएसआई फ्रांसिस जेवियर ने सोनाली के भाई रिंकू ढाका, वतन ढाका, जीजा अमन पूनिया और भतीजे मोनिंदर फोगाट को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। चारों की सोनाली के साथ हुई चैट के स्क्रीन शॉट भी लिए। सोनाली की दोनों बहनों रेमन व रुकेश और मां संतोष के बयान भी दर्ज किए। तीनों से सोनाली के साथ आखिरी बार हुई बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग ली। रेमन और रुकेश की व्हाट्सएप पर सोनाली के साथ हुई चैट के स्क्रीन शॉट भी पुलिस टीम ने लिए। गोवा पुलिस ने सोनाली के भतीजे सचिन से भी सुधीर सांगवान के साथ हुई अंतिम बातचीत की रिकॉर्डिंग ली। इसके बाद गोवा पुलिस की टीम के सदस्यों ने सोनाली की बेटी यशोधरा से कई सवाल किए।

# खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सुमित चौधरी को उप्र की राज्यपाल ने किया सम्मानित

**हिसार, (हि.स.)।** जिले के गांव डोभी निवासी सुमित चौधरी को खेलों में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि व बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा लखनऊ राजभवन में सम्मानित किया गया। सुमित चौधरी उत्तर प्रदेश के वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के छात्र हैं और उन्होंने इस यूनिवर्सिटी की ओर से खेलों में भाग लिया था। उनको यह सम्मान खेल क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाने के लिए दिया गया। राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी




उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। उन्होंने पावरलिफ्टिंग में एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड, नेशनल गेम्स में गोल्ड व यूनिवर्सिटी खेलों में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा भी वे अनेक प्रतियोगिताओं में कई मेडल प्राप्त कर चुके हैं। सुमित चौधरी को सम्मानित किए जाने पर गांव में खुशी का माहौल है। यह सुमित चौधरी के परिजनों के साथ-साथ हिसार व प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। सुमित चौधरी ने बताया कि यह सम्मान पाकर वे बहुत खुश हैं और इससे उनका उत्साहवर्धन हुआ है। वे पिछले 13 वर्षों से लगातार खेल रहे हैं और अब उनका लक्ष्य ओलंपिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में खेलकर देश का नाम रोशन करने का है और इसके लिए वे कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहे हैं।

# शुरू हुआ राष्ट्रीय पोषण माह, संतुलित पोषण की एडीसी ने दिलाई शपथ

**-गतिविधियों को लेकर तैयार किया गया एक्टिविटी कैलेंडर**

**गुरुग्राम, (हि.स.)।** राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत गुरुवार को जिला के विकास सदन से की गई। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राष्ट्रीय पोषण माह की विधिवत शुरूआत करते हुए अधिकारियों को जिला को कुपोषण मुक्त करने को लेकर शपथ दिलाई। बैठक में सितंबर माह के दौरान जिला में महिलाओं व बच्चों को संतुलित पोषाहार के लिए प्रेरित करने को लेकर आयोजित होने वाली गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा के दिशा-निदेर्शानुसार तथा मार्गदर्शन में प्रदेश भर में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर संतुलित व पौष्टिक आहार को लेकर एक्टिविटी कैलेंडर तैयार किया गया है। इस दौरान विभाग द्वारा महिलाओं व बच्चों को संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे स्वस्थ रह सकें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा पोषण माह के सफल आयोजन को लेकर



विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों की जिम्मेदारी से अवगत करवाते हुए उन्हें राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित उप-सिविल सर्जन शैलेन्द्र से कहा कि वे 5 सितंबर सोमवार को विकास सदन के प्रांगण में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करवाएं। इस दौरान लोगों विशेषकर महिलाओं व जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के हिमोग्लोबिन (एचबी) की अवश्य जांच करवाएं। इसके अलावा वे इस प्रकार के शिविर उप मंडल स्तर पर भी लगवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेषज्ञों द्वारा वेबिनार का आयोजन करते हुए महिलाओं व बच्चों को अच्छी व पौष्टिक तत्वों से भरपूर डाइट लेने संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान बच्चों को आयरन की टैबलेट भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान से कहा कि वे जिला के प्रत्येक ब्लॉक में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत गतिविधियां आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग गुरुग्राम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन तथा साईकिल रैली निकालते हुए लोगों में संतुलित पोषण के लिए जागरूकता लाई जाएगी।

# सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की गुरुग्राम में गोली मारकर हत्या

**-सिविल लाइन में गुरुद्वारा रोड पर रेमंड शोरूम में खरीद रहे थे कपड़े**

**-हथियारबंद बदमाशों ने शोरूम में घुसकर मारी गोलियां**
**-पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में हुई कैद**

**गुरुग्राम, (हि.स.)।** शहर के गुरुद्वारा रोड पर गुरुवार को हथियारबंद बदमाशों ने एक कपड़े के शोरूम में कपड़े खरीद रहे सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की गोलियां मारकर हत्या कर दी। शोरूम के भीतर नजदीक से उन्हें गोलियां मारी गई। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। शहर के अति व्यस्त सिविल लाइन क्षेत्र में इस घटना के बाद से दहशत का माहौल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को करीब तीन बजे सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुखबीर उर्फ सुक्खी निवासी गांव रिठौज (गुरुग्राम) सिविल लाइन में गुरुद्वारा रोड पर रेमंड के शोरूम में कपड़ों की खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान दबे पांव पांच बदमाश शोरूम में घुसे और सुखविंद्र सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां दागनीं शुरू कर दी। शोरूम का स्टाफ भी सहम गया। आधा दर्जन से अधिक गोलियां सुखबीर उर्फ सुक्खी को



मारकर बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पहले दो बदमाश शोरूम से बाहर आए। उनके कुछ सेकंड के बाद दो और तथा सबसे आखिर में एक बदमाश भागते हुए बाहर निकला। वे घटना को अंजाम देने के लिए बेखौफ होकर आए थे। यह पूरा घटनाक्रम आसपास के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। जैसे ही बदमाश शोरूम से बाहर निकलकर भागे तो शोरूम में भगदड़ मच गई। शोर-शराबा सुनकर राह चलते और आसपास के लोग शोरूम पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल सुखविंद्र सिंह सुखी को आनन-फानन में बर्फ खाना स्थित आर्वी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सुखबीर उर्फ सुक्खी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रिठौज गांव समेत सोहना क्षेत्र से सेंकड़ों की संख्या में लोग अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। परिवार के लोग तो बदहवास थे। जैसे ही उन्हें सुखबीर उर्फ सुक्खी की मृत्यु का पता चला तो वे अस्पताल परिसर में बिलख उठे। अस्पताल में क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक लोगों की भीड़ लग गई। बता दें कि सुखबीर उर्फ सुक्खी वर्ष 2009 में मार्केट कमेटी सोहना के उपाध्यक्ष बने थे। जिला परिषद वार्ड-2 से पार्षद का चुनाव लडने की वे तैयारी कर रहे थे। पिछली बार भी उन्होंने चुनाव लड़ा था, जिसमें वे दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा नेताओं के वे काफी करीबी थे। गत दिनों क्षेत्र में शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के कार्यक्रम में भी उनके साथ थे।

# गुरुग्राम में 4 सितम्बर को होगी एनडीए व सीडीएस परीक्षा

**गुरुग्राम, (हि.स.)।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 4 सितंबर को एनडीए तथा सीडीएस की परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए गुरुग्राम में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की तैयारियों में प्रशासन जुटा है। सीडीएस की परीक्षा 3 सत्रों में होगी, जबकि एनडीए की परीक्षा 2 सत्रों में आयोजित की जाएगी। जिला में परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि गुरुग्राम जिला में परीक्षा के लिए 63 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 19924 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सीडीएस की परीक्षा तीन अलग-अलग सत्रों में होगी। पहला सत्र सुबह 9 से 11 बजे और दूसरा सत्र दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तथा तीसरा सत्र 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एनडीए की परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से सांय 4:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए यूपीएससी कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसका नंबर-011-23383052, 23381131, 23382627, 23382703, 23381132, 23386315 तथा गुरुग्राम जिला में हेल्पलाइन नंबर 0124-2332363, 2322211 है। यह कंट्रोल रूम 3 सितंबर से चालू हो जाएगा। एडीसी श्री मीणा ने ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के लिए यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन करते हुए संबंधित सभी अधिकारी कर्तव्यनिष्ठा से जिम्मेदारी निभाएं। परीक्षा नकल रहित और निष्पक्ष तरीके से सफलतापूर्वक करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सेंटर सुपरवाइजरों को परीक्षा से पहले केंद्रों का दौरा कर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों पर कोविड प्रोटोकॉल की पालना करना जरूरी है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश एक घंटे पहले से शुरू होगा और परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

# केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, आधा दर्जन दमकलों से पाया काबू

**कोटा, (हि.स.)।** उद्योगनगर थाना क्षेत्र के चम्बल इंडस्ट्री एरिया रेलवे लाइन के पास स्थित एरोमेटिक केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस व नगर निगम अग्निशमन विभाग की दमकल मौके पर पहुंची। करीब आधा दर्जन दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में आग लगने से अनुमानित 60 से 70 लाख का नुकसान होना सामने आ रहा है। फैक्ट्री में लगी आग में किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के अनुसार चम्बल इंडस्ट्री एरिया रेलवे लाइन के पास स्थित एरोमेटिक केमिकल फैक्ट्री से सुबह धुंए का गुबार उठता हुआ नजर आया। जिससे फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में मौजूद सुरक्षा गार्डों व कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक संजय सिंह, उद्योग नगर थानाधिकारी मनोज सिकरवार सहित नगर निगम कोटा उत्तर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास, सहायक अग्निशमन अधिकारी अमजद खान मौके पर पहुचे। फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल रखा हुआ था। करीब दो किलोमीटर दूर से आसमान में धुंए का गुबार उठता नजर आया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत रेस्क्यू शुरू कर दमकल की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद करीब आधा दर्जन दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

# हमें हरित ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा बढावा देना चाहिए: पचनंदा

**- बिजली रेगुलेटरी के चेयरमैन ने हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का दौरा किया**

**यमुनानगर, (हि.स.)।** पश्चिमी यमुना नहर पर बने हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट भूड़कलां, यमुनानगर में गुरुवार को हरियाणा बिजली रेगुलेटरी कमिशन के चेयरमैन आर.के. पचनंदा (आईपीएस रिटायर्ड), सदस्य नरेश सरदाना व डायरेक्टर टेक्निकल वीरेंद्र सिंह ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाइड्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया एवं पौधा रोपण भी किया। उन्होंने गत वर्षों में हाइड्रो प्रोजेक्ट के



बढ़िया प्रदर्शन पर खुशी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय हरित ऊर्जा का है क्योंकि इससे न तो प्रदूषण होता है और इससे बनी बिजली सस्ती भी पड़ती है। इसलिए हमें हरित ऊर्जा को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए और इन परियोजनाओं को और अच्छे व बेहतर तरीके से चलाया जाए ताकि आने वाले समय में हमें बिना किसी प्रदूषण के स्वच्छ ऊर्जा ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मिल सके। इस दौरान मुख्य अभियंता एस.के. सचदेवा ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अभियंता पंचकूला, अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता हाईड्रो प्रोजेक्ट, सहायक कार्यकारी अभियंता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मिस इंडिया एवं अभिनेत्री सयाली भगत के घर पधारे गणपति

**-परिवार के साथ धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी**

**गुरुग्राम, (हि.स.)।** पूर्व मिस इंडिया एवं फिल्म अभिनेत्री सयाली भगत के यहां सेक्टर-23 स्थित शिव सागर निवास स्थान पर गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई। अपनी बेटी इवांका प्रताप सिंह समेत पूरे परिवार के साथ उन्होंने यहां गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया और गणपति की पूजा-अर्चना की। सयाली भगत पिछले 8 साल से गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मना रही हैं। शुक्रवार को गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। गणेश जी की पूजा-अर्चना और आरती करके मंगल की कामना की गई। गणपति बप्पा से सभी ने मिलकर प्रार्थना की कि पूरे परिवार में, गुरुग्राम में तथा पूरे देश में सुख-समृद्धि गणपति बप्पा बनाये रखे तथा अगले साल फिर घर में पधारे।

फिल्म अभिनेत्री सयाली भगत की शादी दिसंबर-2013 में कोसली निवासी ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) डा. टीसी राव के पुत्र नवनीत प्रताप सिंह से हुई थी। सयाली भगत ने बताया कि वे बचपन से ही गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। उनके लिए साल का यह सबसे बड़ा त्योहार है। इस त्योहार पर हम पूरा परिवार मिलकर के गणपति बप्पा की पूजा करते हैं। उनके माता-पिता दीपक भगत नासिक में मेरी बहन मुम्बई में और हरियाणा की बहू होने के नाते गुरुग्राम में अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना करती हैं। जिसमें पूरा परिवार सहयोग करता है। उनकी ससुराल पक्ष के पूरे रिश्तेदार, दोस्त इसमें केवल भाग ही नहीं लेते, बल्कि पूरे विधि-विधान के साथ पूजा करते हैं।

# राजस्थान में जुलाई के मुकाबले अगस्त में दोगुना भरे बांध

**जयपुर, (हि.स.)।** पानी का संकट क्या होता है कोई राजस्थान से पूछे। यहां मीलों दूर तक महिलाओं को सिर पर पानी का मटका लेकर सफर करना पड़ता है, तो कहीं वॉटर ट्रेन से आने वाले पानी से हलक तर होते हैं तो कहीं टैंकरों के पानी से प्यास बुझती है। इस साल भी अप्रैल से जुलाई तक के तीन महीनों में राजस्थान को बड़े पानी के संकट से गुजरना पड़ा। पाली में वॉटर ट्रेन चली तो कई शहरों में पानी की सप्लाई चार से पांच दिन में एक बार कर दी गई, लेकिन इस बार के मानसून ने अब अगले दो साल की चिंता खत्म कर दी है।

जून में आया मानसून इस बार खूब मेहरबान रहा। इस बार पूरे महीने में प्रदेश के करीब 193 बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। अगस्त में बारिश औसतन कम हुई, लेकिन बांध जुलाई के मुकाबले दो गुना ज्यादा भरे है। यही कारण रहा कि इस बार चंबल, कालीसिंध, माही, बनास, जाखम नदियां उफान मारकर बहने लगीं। इन पर बने कुछ बांधों के गेट पिछले 15 दिन से खुले हैं। मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में एक से तीस अगस्त तक औसतन 215 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि जुलाई के 31 दिन में 266 मिलीमीटर औसत बरसात हुई थी। जुलाई में हुई बारिश से पूरे राज्य में छोटे-बड़े 80 बांध छलके थे, जबकि अगस्त में 193 बांध ओवरफ्लो हुए। अगस्त में भी आखरी 10 दिन (21-30 अगस्त तक) 78 बांध फुल हुए। प्रदेश में सबसे ज्यादा बरसात 2016 में हुई थी, उस समय 31 दिन में औसतन 277.7 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत की बेटी सुहासनी ने पूरा किया अब तक का सबसे लंबा रॉफ्टिंग अभियान

**-सुहासनी ने गंगा, ब्रह्मपुर और सिंधु नदी के दुर्गम ऊंचे स्थानों को एक बार की यात्रा में ही पार किया**

**जोधपुर, (हि.स.)।** सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की बेटी सुहासिनी शेखावत ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम किया है। सुहासिनी ने गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के उन दुर्गम ऊंचे स्थानों को एक बार की यात्रा में ही पार किया है जहां ऑक्सीजन की बहुत कमी और खतरनाक चट्टानें हैं। गुरुवार को सुहासिनी ने इंडस कॉलिंग अभियान के दल का नेतृत्व करते हुए सिंधु नदी पर अब तक का सबसे लंबा रॉफ्टिंग अभियान पूरा कर दिखाया है। सुहासिनी का यह अभियान भारत-चीन बॉर्डर के पास मानेसर से शुरू हुआ और भारत-पाक बार्डर पर कारगिल के नजदीक संपन्न हुआ। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने ट्वीट कर सुहासिनी के रॉफ्टिंग अभियान की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सुहासिनी के सपने अलग हैं। उसे कठिनाइयों से डर नहीं लगता। वो भारत की बेटियों के आत्मबल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने में जुटी रहती है। उसका



साहस कई बार मुझे हतप्रभ कर जाता है। बेटियां बड़ी होकर पिता की जीवन यात्रा को नई उम्मीदों से पूरित करती हैं। मैं उसमें खुद को देखता हूं। सुहासिनी शेखावत पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएट हैं और उन्होंने ऑक्सफोर्ड से एडवांस लीडरशिप में डिप्लोमा किया है। सुहासिनी स्पोर्ट्स में काफी रुचि रखती हैं और वो एक बेहतरीन शूटर भी हैं। वर्ष 2019 में सुहासिनी 31 दिन के गंगा आमंत्रण अभियान का हिस्सा भी रही थी। उसने उत्तराखंड के देवप्रयाग से पश्चिम बंगाल के गंगासागर तक 2500 किलोमीटर लंबी की दूरी राफ्टिंग के जरिए पूरी की थी। वर्ष 2021 में सुहासिनी 917 किलोमीटर लंबे ब्रह्मपुत्र आमंत्रण अभियान में शामिल हुई थीं और गेलिंग, अरुणाचल प्रदेश से असम के असमरलगा तक रिवर राफ्टिंग की थी।



DELHI CRIME 02 sep 2022:Layout 1 9/1/2022 7:24 PM Page 4



# संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रिपोर्ट में खुलासा- उइगर मुस्लिमों का दमन कर रहा चीन

**- मुस्लिम महिलाओं से दुष्कर्म, पुरुषों की जबरन नसबंदी**
**- जबरन कैद कर रखे गए हैं दस लाख उइगर मुसलमान**




**बीजिंग, (हि.स.)।** चीन में रहने वाले मुस्लिम सुरक्षित नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकार रिपोर्ट में चीन में रहने वाले उइगर मुस्लिमों का दमन किये जाने की बात सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन में मुस्लिम महिलाओं से दुष्कर्म और पुरुषों की जबरन नसबंदी जैसे जुल्म ढहाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बैचलेट ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 31 अगस्त को चीन में मानवाधिकारों को लेकर बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी कर दी। 48 पेज की इस रिपोर्ट में चीन पर मानवाधिकारों के जबर्दस्त उल्लंघन की बात कही गयी है। चीन की गतिविधियों को गंभीर बताते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया गया है। चीन के सुदूर शिनजियांग प्रांत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को लेकर आई इस रिपोर्ट में बड़ी संख्या में उइगर मुस्लिमों के लापता होने का भी दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उइगर और अन्य प्रमुख मुस्लिम जातियों को मनमाने और भेदभावपूर्ण ढंग से हिरासत में रखा जा रहा है। चीन अपने सुरक्षा कानूनों का मनमाने ढंग से अमल करते हुए अल्पसंख्यकों का दमन कर रहा है। चीन के बंदी शिविरों में 10 लाख उइगर मुसलमान कैद हैं। रिपोर्ट में चीन की इस हरकत को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्राप्त मौलिक अधिकारों का हनन करार देकर मानवता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध बताया गया है। रिपोर्ट में चीन से अपील की गयी है कि वह अवैध और मनमाने ढंग से कैद सभी उइगर मुस्लिमों को तत्काल रिहा करे। चीन ने इस रिपोर्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह रिपोर्ट चीन विरोधी ताकतों की गढ़ी गई गलत सूचना और झूठ पर आधारित है।

# श्रीलंका की मदद को राजी आईएमएफ, मिलेगा 2.9 अरब डॉलर कर्ज




**कोलंबो, (हि.स.)।** ऐतिहासिक आर्थिक संकट से त्रस्त श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से सहारा मिला है। पिछले तीन महीने से चल रही कोशिशों और आईएमएफ टीम के श्रीलंका दौरे के बाद प्रारंभिक समझौते के तहत श्रीलंका को 2.9 अरब डॉलर का कर्ज मिलने का रास्ता साफ हो गया है। आजादी के बाद से श्रीलंका इस समय सर्वाधिक गंभीर आर्थिक संकट झेल रहा है। देश के पास विदेशी मुद्रा की भारी कमी हो गयी है। इस कारण श्रीलंका में आवश्यक वस्तुओं का आयात तक रुक गया है। आर्थिक संकट के चलते श्रीलंका ने भयावह राजनीतिक संकट भी देखा है, जिसमें न सिर्फ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के आवासों पर आंदोलनकारियों ने कब्जा कर लिया, बल्कि उनके दबाव में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पद तक छोड़ने पड़े। आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद की गुहार लगा रहा था। आईएमएफ की टीम तीन माह में दो बार श्रीलंका का दौरा कर चुकी है। पिछले कुछ दिनों से दूसरे दौर की चर्चा में जुटे आईएमएफ के अधिकारियों ने ऋण स्थिरता बहाल करने के उपायों पर पूरा जोर दिया। श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने आईएमएफ टीम के साथ बैठक में देश में आर्थिक रूप से कमजोर समूहों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया था। आईएमएफ के वार्ता पैनल के प्रमुख पीटर ब्रेउर ने कहा कि उनकी टीम ने सरकार, विपक्ष और अन्य दलों के साथ चर्चा की और वाशिंगटन में मुख्यालय को तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट भेजी। आईएमएफ के प्रतिनिधियों ने ऋण पुनर्गठन और आर्थिक पुनरुद्धार की योजना तैयार करने में कमजोर समूहों के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने के बारे में तथ्यों को भी समझाया। इसके बाद आईएमएफ और श्रीलंका के अधिकारियों के बीच 2.9 अरब डॉलर कर्ज पर सहमति बनी। इस कर्ज की अवधि 48 माह निर्धारित की गयी है।

# पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों की बिक्री नहीं होगी

**-अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में साल 2035 से बिक्री होगी बंद**



**कैलिफोर्निया (ईएमएस)।** साल 2035 से अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों की बिक्री नहीं होगी। अमेरिकी राज्य के पर्यावरण पर नजर रखने वाले विभाग कैलिफोर्निया एयर रिसोर्सेज बोर्ड ने सर्वसम्मति से एडवांस क्लीन कार -2 योजना को मंजूरी देने के लिए मतदान किया, जो 2035 से केवल इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड वाहन बिक्री के लिए अनिवार्य है। जानकारी के अनुसार, बोर्ड के अध्यक्ष लियान रैंडोल्फ ने कहा, कैलिफोर्निया के लिए, हमारे सहयोगी राज्यों के लिए और दुनिया के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमने शून्य उत्सर्जन भविष्य की दिशा में यह रास्ता तय किया है. इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ज्यादा कीमत और इनकी कम रेंज अब भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है।हालांकि, इनकी लागत धीरे-धीरे कम हो रही है और बुनियादी ढांचे की बढ़ोतरी से ऐसे वाहनों को जल्दी और सुविधाजनक स्थानों पर चार्ज करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, कैलिफोर्निया के केवल ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड वाहन बिक्री के निर्णय से अन्य अमेरिकी राज्यों पर भी असर पड़ने की संभावना है, जो बुनियादी ढांचे के विकास को गति दे सकता है.इलेक्ट्रिक कारों और अन्य क्लीन एनर्जी मोबिलिटी विकल्पों को बढ़ावा देने में कैलिफोर्निया अन्य अमेरिकी राज्यों के साथ-साथ संघीय सरकार की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है।रॉयटर्स के अनुसार, कैलिफोर्निया को उम्मीद है कि 2026 तक कुल वाहनों की बिक्री का 35 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक, प्लग-इन हाइब्रिड या हाइड्रोजन से चलने वाली कारों का होगा।यह 2035 तक 100 प्रतिशत होने से पहले 2030 तक बढ़कर 68 प्रतिशत हो जाएगा.केवल क्लीन एनर्जी वाहनों की बिक्री की अनुमति देने का यह फैसला टेस्ला और रिवियन जैसे ईवी निमार्ताओं के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही यह उन ऑटो निमार्ताओं को भी इलेक्ट्रिक व्हीकल की ओर प्रोत्साहित करेगा, जो पहले से ही ईवी की ओर रुख कर चुके हैं।कैलिफोर्निया में सर्वसम्मति फैसला होने के बाद यह फैसला तभी लागू होगा, जब अमेरिका की जो बाइडेन सरकार इसे मंजूरी देगी। बता दें कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई और क्लीन एनर्जी विकल्पों को बढ़ावा देने की ओर यह बड़ा कदम माना जा रहा है।इस फैसले के साथ यहां की सरकार दुनिया में कहीं भी ऐसा कदम उठाने वाली पहली सरकार बन गई है।

# भीषण गर्मी में कैलिफोर्निया में बिजली संकट!

**- कार को नहीं कर सकते चार्ज, पावर कट की चेतावनी**



**कैलिफोर्निया (ईएमएस)।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। रिकॉर्ड तोड़ हीटवेब और मौसम की वर्तमान स्थिति अमेरिका में जलवायु परिवर्तन का ताजा संकेत है। भीषण गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है। इधर ग्रिड ऑपरेटर्स की पॉवर कट की चेतावनी लोगों की मुश्किलें और बढ़ा सकती है। ग्रिड ऑपरेटर ने संभावित बिजली संकट की चेतावनी दी है। माना जा रहा है कि इससे ब्लैकआउट हो सकता है। साथ ही लोगों से पीक आवर्स के दौरान इलेक्ट्रिक कारों को चार्ज करने से मना किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने लोगों से स्थानीय समय के अनुसार शाम 4 से 9 बजे के बीच बिजली बचाने के लिए कहा है। उस समय तापमान 100 डिग्री फॉरेन्हाइट (38 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर चला जाता है। साल 2020 की गर्मियों के बाद से कैलिफोर्निया के ग्रिड के लिए यह सबसे बड़ी परीक्षा है। दो साल पहले राज्य के कुछ हिस्सों में गंभीर बिजली संकट पैदा हो गया था। बता दें कि वर्तमान संकट तब आया है, जब यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध यूरोप में ऊर्जा संकट को बढ़ा रहा है। इसके साथ ही दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रहे रिकॉर्ड तापमान के बीच ग्रिड ऑपरेटर की चेतावनी ने गंभीर संकट को उजागर किया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गाविन न्यूजोम ने आपातकालीन बिजली आपूर्ति को समाप्त करने के लिए एक आदेश जारी किया है। गवर्नर ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि प्रकृति ने हमें पीछे छोड़ दिया है। वास्तविकता यह है कि हम ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां भयंकर गर्मी और अत्यधिक सूखा है। ग्रिड ऑपरेटर के अनुसार कैलिफोर्निया में अगले सप्ताह सोमवार और मंगलवार को बिजली की मांग 48 गीगावाट रहने का अनुमान है, जो कि 2017 के बाद से सबसे अधिक मांग होगी।

# मिस्र की स्वेज नहर में फंसे टैंकर को टग बोट्स की मदद से निकाला

**- घटना नहर के उसी दक्षिणी, सिंगल लेन वाले हिस्से में हुई जहां मार्च 2001 में एक विशाल मालवाहक जहाज फंस गया था**

**काहिरा (ईएमएस)।** मिस्र की स्वेज नहर में बुधवार देर रात टग नौकाओं ने एक तेल टैंकर को फिर से रास्ते पर लाने में कामयाबी हासिल कर ली, जो कि तकनीकी खराबी के कारण दुनिया की सबसे व्यस्त नहर में फंस गया था। स्वेज नहर प्राधिकरण (एससीए) ने कहा कि स्वेज नहर में फंसा हुआ जहाज एफिनिटी वी नहर के दक्षिणी हिस्से में जहाजों की आवाजाही को रोक रहा था लेकिन स्थानीय समयानुसार आधी रात के तुरंत बाद नहर में ट्रैफिक को सामान्य बनाने में कामयाबी हासिल हो गई, क्योंकि टग बोट्स की मदद से जहाज को सही रास्ते पर लाया गया। एक खबर के मुताबिक यह घटना नहर के उसी दक्षिणी, सिंगल लेन वाले हिस्से में हुई जहां मार्च 2001 में एक विशाल मालवाहक जहाज एवर गिवेन फंस गया था। जिसके कारण दुनिया में सबसे व्यस्त जहाजरानी मार्ग पर ट्रैफिक छह दिनों तक ठप हो गया था। इसके कारण पूरी दुनिया के व्यापार पर असर भी पड़ा था। जहाज निगरानी सेवा टैंकरट्रैकर्स के अनुसार टैंकर एफिनिटी वी ने बुधवार शाम को दक्षिण की ओर जाते समय स्वेज नहर में अपना नियंत्रण खो दिया था। इसके कारण स्वेज नहर में अस्थायी रूप से ट्रैफिक को रोक दिया गया था। रिफाइनिटिव शिप-ट्रैकिंग डेटा और मरीन ट्रैफिक वेबसाइट ने भी नहर में एफिनिटी वी को दक्षिण की ओर धीरे-धीरे जाते हुए दिखाया है, जो टग बोट्स से घिरा हुआ था। इन ट्रैकिंग साइटों ने कहा कि सिंगापुर के झंडे वाला टैंकर सऊदी अरब के लाल सागर बंदरगाह यानबू की ओर जा रहा था। स्वेज नहर में एवर गिवेन के फंसने की घटना के बाद एससीए ने नहर के विस्तार के लिए तेजी से काम करने वाली कुछ योजनाओं की घोषणा की थी। जिसमें एक दूसरे चैनल का विस्तार करना शामिल है जो एक साथ दोनों दिशाओं से जहाजों को आने-जाने में मददगार होगा। इसके साथ ही मौजूदा नहर को गहरा करने की भी योजना है। स्वेज नहर के इस विस्तार के काम को 2023 तक पूरा किया जाना है।

# अबूधाबी में निर्माणाधीन मंदिर का विदेश मंत्री जयशंकर ने लिया जायजा




**अबूधाबी, (हि.स.)।** संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में अरब देशों के पहले हिंदू मंदिर का निर्माण हो रहा है। संयुक्त अरब अमीरात की तीन दिन की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर निमार्णाधीन मंदिर पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य का जायजा लेने के साथ तेजी से हो रहे मंदिर निर्माण पर खुशी जाहिर की। विदेश मंत्री जयशंकर तीन दिन की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा पर पहुंचे हैं। इसी बीच गणेश चतुर्थी पर जयशंकर अबूधाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय द्वारा बनाए जा रहे मंदिर को देखने पहुंचे। इसके बाद जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि गणेश चतुर्थी पर अबूधाबी में निमार्णाधीन मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। तेजी से प्रगति देखकर खुशी हुई। उन्होंने मौके पर मौजूद स्वामीनारायण संप्रदाय के अनुयायियों और भक्तों तथा कार्यकताओं से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने इस मंदिर को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने इस प्रतिष्ठित मंदिर के निर्माण में सहयोग करने वाले सभी भारतीयों के प्रयासों की सराहना की। जयशंकर के निमार्णाधीन मंदिर दौरे के बाद संयुक्त अरब अमीरात स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर इसे डॉ. एस. जयशंकर की यात्रा की शुभ शुरूआत बताया। दूतावास ने लिखा कि विदेश मंत्री ने अबूधाबी मंदिर का दौरा किया और इसकी जटिल वास्तुकला में एक ईंट रखी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में स्वामीनारायण मंदिर का निर्माण स्वामीनारायण संस्था द्वारा किया जा रहा है। दुनियाभर के हजारों भक्तों, शुभचिंतकों और मेहमानों ने वर्ष 2018 में अबूधाबी के अबू मुरीखेह इलाके में मंदिर के शिला पूजन समारोह में भाग लिया था।

## आज का इतिहास 02 सितम्बर

- 1573 अकबर ने गुजरात फतह किया.
- 1666 लंदन में भीषण आग की शुरूआत हुई और पांच दिन में पूरा शहर तबाह हो गया.
- 1841 जापान के युवराज हिराबुमि इतो का जन्म.
- 1865 इंग्लैंड का माओरी युद्ध समाप्त हुआ.
- 1877 जापान ने सत्सुमा विद्रोह दबाया गया.
- 1926 इटली और यमन में हुआ समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ.
- 1945 स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना हो ची मिन्ह ने की.
- 1949 संयुक्त राष्ट्र आयोग ने कोरिया में गृहयुद्ध भड़कने की चेतावनी दी.
- 1962 सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ.
- 1970 कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक का उद्घाटन हुआ.
- 1990 काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्री मारे गए व 319 अन्य लापता हो गए.
- 1992 सऊदी अरब ने ऐलान किया कि वह अपनी जमीन से इराक पर हमले की अनुमति नहीं देगा.
- 2004 गोधरा हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय यू.सी.बनर्जी समिति का गठन. ऑस्ट्रेलिया में गिरफ्तार किए गए भारतीय डॉक्टर हनीफ को जेल से रिया किया.

# खुदाई के दौरान मिलीं डायनासोर की कुछ हड्डियां

**-82 फीट लंबा, 39 फीट ऊंचा था दैत्याकार जीव**

**लिस्बन (ईएमएस)।** एक शख्स को खुदाई के दौरान डायनासोर की कुछ हड्डियां मिलीं। लेकिन यह किसी सामान्य जीव की हड्डियां नहीं थीं। यह घटना पुर्तगाल की है। यह कंकाल एक ब्रैकियोसोरस है जो करीब 82 फीट लंबा था और 10 से 16 करोड़ साल पहले धरती पर जीवित था। यह यूरोप में खोजा गया अब तक का सबसे बड़ा सॉरोपोड्स हो सकता है। सॉरोपोड्स शाकाहारी डायनासोर थे जिन्हें उनके चार पैरों, लंबी गर्दन और पूंछ से पहचाना जाता था। यूनिवर्सिटी ऑफ लिस्बन के एक शोधकर्ता एलिसाबेट मलाफिया ने कहा कि इस तरह किसी एक जानवर की सभी पसलियों का एक साथ मिलना, जो अभी तक अपनी मूल शारीरिक स्थिति में हों, सामान्य बात नहीं है। मलाफिया ने कहा कि डायनासोर, खासकर सॉरोपोड्स के मामले में, संरक्षण का यह तरीका अपेक्षाकृत असामान्य है। 2017 में पुर्तगाल के पोम्बल में एक मकान मालिक को अपने घर के आंगन में निर्माण कार्य के दौरान कुछ हड्डियों के टुकड़े मिले थे। प्रॉपर्टी के मालिक ने रिसर्च टीम से संपर्क किया जिन्होंने साइट पर खुदाई शुरू की।

लेकिन लंबे अध्ययन के बाद इस महीने पुर्तगाल और स्पेन के जीवाश्म विज्ञानियों ने बताया कि उन्हें क्या मिला है।खुदाई में मिला कंकाल एक 39 फीट ऊंचे और 82 फीट लंबे सॉरोपोड डायनासोर का था। कंकाल में रीढ़ की हड्डी और पसलियां शामिल हैं जो दिखाती हैं कि यह एक ब्रैकियोसोरस था। ब्रैकियोसोरस का समूह अपर जुरासिक से लोअर क्रेटेशियस काल तक रहा था। इससे पहले दक्षिण-पश्चिम चीन के एक रेस्तरां के भीतर डायनासोर के इतिहास से जुड़ी एक अहम चीज मिली थी। रेस्तरां के बाहरी परिसर में प्राचीन जीव के पैरों के निशान मिले थे जो करीब 10 करोड़ साल पुराने थे। चीन के सिचुआन प्रांत के लेशान में एक रेस्तरां परिसर में दो सॉरोपोड्स के पैरों के निशान कई पत्थरों के साथ पाए गए थे।

# अमेरिका में स्कूल के बाहर 15 वर्षीय लड़के ने दो क्लासमेट को मारी गोली, गिरफ्तार

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिका में इन दिनों गोलीबारी की घटनाएं आम हो गई हैं, ताजा मामला वाशिंगटन का है। वाशिंगटन में दो क्लासमेट को कथित रूप से गोली मारने के आरोप में एक 15 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कोंटी ने कहा कि ली स्ट्रीट और 45 स्ट्रीट के चौराहे पर सुबह के समय आइडिया पब्लिक चार्टर स्कूल में गोली चलने की सूचना मिली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि पुलिस ने ली स्ट्रीट एनई के ब्लॉक 4500 में घटना की जांच की और इस दौरान उन्होंने आइडिया पब्लिक चार्टर स्कूल के 350 छात्रों और अतिरिक्त कर्मचारियों को लॉकडाउन पर रखा। पुलिस प्रमुख ने मीडिया को बताया कि अधिकारियों ने इस साल 2,000 से अधिक अवैध रिवॉल्वर को जब्त किया है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 800 अधिक हैं। एक अलग घटना में एक अन्य किशोर को भी बुधवार को दक्षिण पूर्व वाशिंगटन में एक इमारत के अंदर गोली मार दी गई थी। इस बीच एक 19 वर्षीय व्यक्ति पर डेट्रॉइट में पिछले हफ्ते लगभग दो घंटे में अनियमित गोलीबारी की एक श्रृंखला में हत्या का आरोप लगाया गया था, इस गोलीबारी में तीन लोग मारे गए थे। वहीं पुलिस के हवाले से बताया कि रविवार को आरोपी डोंटा रेमन स्मिथ द्वारा सुबह करीब साढ़े चार बजे शुरू की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई।



क्वालालंपुर में मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजक की पत्नी सुनवाई के लिए अदालत पहुंची। (फोटो-ईएमएस)

# शीतल पेय ब्रांड कैंपा कोला का रिलायंस ने किया अधिग्रहण, अक्टूबर से बाजार में उतारने की तैयारी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मुकेश अंबानी अब कोला बाजार में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैंपा, कभी अपने कैंपा कोला नाम से बाजार में टॉप पर हुआ करता था। यह ब्रांड इस साल अक्टूबर में फिर से बाजार में वापसी करने जा रहा है। रिलायंस ने दिल्ली स्थित प्योर ड्रिंक ग्रुप के साथ करीब 22 करोड़ रुपए के सौदे में इस ब्रांड का अधिग्रहण किया है। इसी के साथ सन 1977 में कोका कोला के भारत से बाहर जाने के बाद जिस कैंपा कोला ने उसकी कमी को पूरा किया वह अब वह एक बार फिर बाजार पर छाने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि कैंपा कोला को 1970 के दशक में उसी प्योर ड्रिंक्स ग्रुप ने लॉन्च किया था, जो भारतीय सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में 1949 में कोका-कोला लेकर आया था। रिलायंस दीपावली पर इसको लांच करने की तैयारी कर रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने एफएमसीजी (एफएमसीजी) कारोबार को बढ़ाना चाहती है। इसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शीतल पेय ब्रांड कैंपा कोला का अधिग्रहण किया है। यह ब्रांड कभी अपने कोला वैरिएंट कैंपा कोला के साथ मार्केट लीडर था। अब रिलायंस इसे दोबारा बाजार में उतारेगी। इससे कोला बाजार में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। रिलायंस अब इस डील के साथ कोला मार्केट में उतरने जा रहा है। उसकी सीधी टक्कर कोका-कोला और पेप्सिको के साथ होगी। इसमें ग्राहकों का फायदा हो सकता है। रिलायंस कैंपा कोला को नींबू, नारंगी और कोला इन तीन स्वाद में बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। बाजार में कैंपा कोला के आने के बाद प्राइस वार शुरू हो सकता है, जिसमें ग्राहकों को कम रेट पर कोल्ड ड्रिंक खरीदने को मिल सकता है। पहले चरण में रिलायंस इसे अपने रिटेल स्टोर्स, जियोमार्ट और किराना स्टोर्स में बेचेगी। कैंपा को खरीदना रिलायंस की एफएमसीजी बाजार में प्रवेश करने की रणनीति का हिस्सा है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 100 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती की है। इंडियन ऑयल ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए तक की कटौती की है। घटी हुई कीमत गुरुवार से लागू हो गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1976.50 रुपए की जगह 1885 रुपए में मिलेगा। कोलकाता में अब यह 2095.50 रुपए की जगह 1995.50 रुपए में मिलेगा। मुंबई में इसकी कीमत 1844 रुपए और चेन्नई में 2045 रुपए रह गई है। दिल्ली में यह 91.50 रुपए, कोलकाता में 100 रुपए, मुंबई में 92.50 रुपए और चेन्नई में 96 रुपए सस्ता हो गया है। हालांकि रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लगातार चौथे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है। एक जून को इसमें 135 रुपए की कमी की गई थी जबकि एक जुलाई को यह 198 रुपए सस्ता हुआ था। एक अगस्त को इसकी कीमत में 36 रुपए की कटौती की गई थी। इससे पहले एक अप्रैल को 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई थी। उस दिन इसका दाम 249.50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा था। इसके बाद दिल्ली में इस सिलेंडर का दाम 2253 रुपए हो गया था। इसके बाद फिर एक मई 2022 को कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के भाव में 104 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा कर दिया था। उसके बाद 19 किलो वाले वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर 2,355 रुपए प्रति सिलेंडर पहुंच गया था।

# यूपी में पेट्रोल और डीजल की कीमत में आई गिरावट



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वैश्विक बाजार में आ रही गिरावट का असर अब घरेलू बाजार की खुदरा कीमतों पर भी दिखने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से गुरुवार को जारी पेट्रोल-डीजल के खुदरा भाव में बदलाव आया है। हालांकि, देश के चारों महानगरों में गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले यानी नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल 37 पैसे गिरकर 96.60 रुपए लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 37 पैसे सस्ता होकर 89.77 रुपए लीटर मिल रहा। गाजियाबाद में भी पेट्रोल के दाम 32 पैसे गिरकर 96.26 और डीजल का रेट 30 पैसे घटकर 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 पैसे की गिरावट आई। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव 3 डॉलर गिरकर 96.49 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 3.5 डॉलर घटकर 88.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.60 रुपए और डीजल 89.77 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.42 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# डीजीसीए ने स्पाइसजेट के दो और विमानों का पंजीकरण रद्द किया




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट के दो और बोइंग-737 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया। इसके साथ ही अगस्त में किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन के छह बोइंग-737 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अपरिवर्तनीय विपंजीकरण और निर्यात अनुरोध प्राधिकरण (आईडीईआरए) के तहत बोइंग 737-800 विमान वीटी-एसपीयू और बोइंग 737-900ईआर विमान वीटी-एसजीक्यू का पंजीकरण रद्द किया गया है। केपटाउन संधि के तहत, अगर कोई चूक होती है, तो पट्टा देने वाले और ऋणदाता, पट्टे पर दिए गए विमान का पंजीकरण रद्द कर सकते हैं। इस तरह के अनुरोध आईडीईआरए के तहत किए जाते हैं।

# मेटा ने फेसबुक, इंस्टाग्राम पर 2.7 करोड़ पोस्ट के खिलाफ की कार्रवाई




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने जुलाई में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर 2.7 करोड़ पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की। कंपनी ने अपनी मासिक पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 का पालन करने के लिए फेसबुक पर 2.5 करोड़ पोस्ट और इंस्टाग्राम पर 20 लाख पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की। कंपनी ने बताया कि फेसबुक पर 1.73 करोड़ स्पैम कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके बाद वयस्क नग्नता और यौन गतिविधि' से संबंधित 27 लाख पोस्ट और हिंसक और ग्राफिक सामग्री' से संबंधित 23 लाख पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की।

# अप्रैल-जून तिमाही में बेरोजगारी दर घटकर 7.6 प्रतिशत पर: सर्वेक्षण




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2022 के दौरान सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत से घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने यह जानकारी दी। बेरोजगारी दर को श्रमबल के बीच बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। देश में अप्रैल-जून, 2021 में कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के कारण बेरोजगारी दर अधिक थी। इस तरह बेरोजगारी दर में गिरावट को रेखांकित करने वाले 15वें आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण पर आधारित नवीनतम आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि महामारी की छाया से निकलकर अर्थव्यवस्था अब सुधार की ओर बढ़ रही है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में जनवरी-मार्च, 2022 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 8.2 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण में पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु की) में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2022 में घटकर 9.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 14.3 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च, 2022 में 10.1 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में पुरुषों में बेरोजगारी दर एक साल पहले के 12.2 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-जून, 2022 में घटकर 7.1 प्रतिशत रह गई। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च, 2022 में 7.7 प्रतिशत था।

# औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 5.78 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कुछ खाद्य पदार्थों की कीमत कम होने से औद्योगिक क्षेत्र के कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 5.78 प्रतिशत रह गई। जून में यह 6.16 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मुद्रास्फीति सालाना आधार पर जुलाई, 2022 में 5.78 प्रतिशत रही, जो जून, 2022 में 6.16 प्रतिशत और जुलाई, 2021 में 5.26 प्रतिशत थी। इसी तरह खाद्य मुद्रास्फीति जुलाई, 2022 में 5.96 प्रतिशत रही। जून, 2022 में यह 6.73 प्रतिशत और जुलाई, 2021 में 4.91 प्रतिशत थी।

अखिल भारतीय औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) जुलाई, 2022 में 0.7 अंक बढ़कर 129.9 अंक हो गया। जून, 2022 में यह 129.2 अंक था। सूचकांक में अधिकतम वृद्धि आवासीय समूह की वजह से हुई है। इसकी कुल बदलाव में हिस्सेदारी 0.37 प्रतिशत अंक है। वस्तु स्तर पर रसोई गैस, बिजली (घरेलू), आलू, प्याज, लौकी, आम, केला, मिर्च (सूखा), पका हुआ भोजन, गेहूं, गेहूं का आटा, अरहर की दाल आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण सूचकांक बढ़ा है।

# टोयोटा इनोवा क्रिस्टा के डीजल वेरिएंट की बुकिंग बंद

## -इस वेरियंट की मार्केट में तगड़ी है डिमांड



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टोयोटा इनोवा क्रिस्टा के डीजल वेरिएंट की बुकिंग फिलहाल बंद कर दी है। भारतीय बाजार में इस वेरियंट की मार्केट में तगड़ी डिमांड है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) डीलरशिप ने वर्तमान में बुकिंग बंद कर दी है। कंपनी ने कहा कि ज्यादा मांग के चलते डीजल वेरिएंट का वेटिंग पीरियड बढ़ता जा रहा है। भारत में ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनोवा में पिछले कुछ वर्षों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। दूसरी जनरेशन की इनोवा क्रिस्टा अपने सेगमेंट की लीडर है और ग्राहकों का दिल जीतना जारी रखा है। इस कार के लिए इंडिया मे बहुत बड़ा कस्टमर बेस है। आलम यह है कि ज्यादा डिमांड के चलते इनोवा क्रिस्टा के डीजल मॉडल के लिए वेटिंग पीरियड काफी बढ़ गया है और कंपनी को बुकिंग बंद करनी पड़ी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बीते जुलाई महीने में 19,693 गाड़ियों के साथ एक महीने में अपनी अब तक की सबसे तगड़ी सेल दर्ज की थी। जुलाई 2021 में बेची गई 13,105 यूनिट्स के मुकाबले कंपनी की बिक्री 50 प्रतिशत अधिक रही थी।कंपनी ने कहा कि हम उन ग्राहकों को इस गाड़ी की डिलिवरी देने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने पहले ही हमारे डीलरों के साथ बुकिंग कर ली है। वहीं इनोवा क्रिस्टा के पेट्रोल मॉडल के लिए कंपनी अभी भी ऑर्डर ले रही है।

# सुजुकी के गुजरात प्लांट में 20 लाख यूनिट्स का प्रॉडक्शन पूरा

## -कंपनी ने 20 अगस्त को यह मील का पत्थर हासिल किया




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी के गुजरात प्लांट ने 2 मिलियन यानी 20 लाख यूनिट्स का प्रोडक्शन पूरा कर लिया है। मारुति सुजुकी ने बीते दिनों 20 अगस्त, 2022 को यह मील का पत्थर हासिल किया। एमएसजी ने फरवरी 2017 में उत्पादन शुरू किया और पांच साल और छह महीनों में दो मिलियन यूनिट के प्रोडक्शन का आंकड़ा पार किया जो किसी भी सुजुकी उत्पादन संयंत्र द्वारा सबसे तेज है। मुंद्रा बंदरगाह के करीब स्थित, गुजरात संयंत्र का उपयोग यूरोप, अफ्रीका और जापान सहित बाजारों के लिए निर्यात केंद्र के रूप में भी किया जाता है। एसएमजी की दस लाखवीं कार एक बलेनो भी 21 अक्टूबर, 2020 को शुरू हुई थी, फरवरी 2017 में उत्पादन शुरू होने के सिर्फ तीन साल और नौ महीने। इसका मतलब है कि पिछली मिलियन कारों का उत्पादन सिर्फ 21 महीनों में किया गया है। सुजुकी 2025 में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) और 2026 में बीईवी के लिए वाहन बैटरी का उत्पादन भी शुरू करेगी। एसएमजी प्लांट कई मॉडल तैयार करता है; प्लांट ए ने बलेनो और टोयोटा ग्लैंजा का उत्पादन किया, प्लांट बी ने स्विफ्ट और डिजायर का उत्पादन किया, जबकि प्लांट सी ने डिजायर और बलेनो का उत्पादन किया। मारुति जल्द ही ग्रैंड विटारा एसयूवी के लिए मूल्य निर्धारण की घोषणा करेगी, इसके बाद बलेनो पर आधारित बिल्कुल नई क्रॉस हैचबैक होगी जो अगले साल फरवरी में नेक्सा आउटलेट्स पर बिक्री के लिए जाएगी।इसके अतिरिक्त, बहुप्रतीक्षित जिम्नी के भी अगले साल नेक्सा के शोरूम में आने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी इंडिया के लगभग 3,87,000 इकाइयों के मौजूदा लंबित आदेशों में से, प्रीमियम बलेनो हैचबैक में वर्तमान में अनुमानित 38,000 यूनिट्स का ऑर्डर बैकलॉग है.जबकि प्लांट ए ने फरवरी 2017 में परिचालन शुरू किया, प्लांट बी ने जनवरी 2019 में शुरू किया, उसके बाद प्लांट सी ने अप्रैल 2021 में, और निर्यात मॉडल का उत्पादन मार्च 2018 में शुरू हुआ।

# ईपीएफ के लिए योग्य हर व्यक्ति ईपीएस के लिए होता है पात्र

## - कर्मचारी की मौत के बाद ईपीएस से पेंशन लेने के लिए जमा करने होते हैं कौन से दस्तावेज?

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ईपीएफ (इंप्लॉइज प्रोविडेंट फंड) के लिए योग्य हर व्यक्ति ईपीएस (इंप्लॉयज प्रोविडेंट स्कीम) के लिए पात्र होता है। इसे भी ईपीएफओ द्वारा ही मैनेज किया जाता है। इस योजना के तहत रिटायरमेंट के बाद खाताधरक को हर महीने की पेंशन, नौकरी के दौरान पूरी तरह विकलांग होने पर पेंशन व कर्मचारी (खाताधारक) की मृत्यु पर परिवार को पेंशन दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए खाताधारक कम-से-कम 10 साल नौकरी में होना चाहिए। इससे 58 वर्ष की आयु के बाद पेंशन मिलना शुरू हो जाती है। आप 50 की आयु में भी इस अकाउंट से पैसा निकालना शुरू कर सकते हैं लेकिन यह पूरी राशि नहीं होगी। अगर आप 60 साल के बाद पेंशन लेते हैं तो तय पेंशन में अतिरिक्त 4 फीसदी रकम मिलेगी। जैसा कि हमने आपको बताया इस योजना में कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार को पेंशन मिलती है तो ऐसे कौन से दस्तावेज हैं जिनकी जरूरत परिवार को पेंशन लेने के लिए पड़ेगी। आइए जानते हैं। आपको मृतक का डेथ सर्टिफिकेट, जिन लोगों को पेंशन की रकम मिलनी है उनकी आधार कार्ड की कापी, उनके बैंक खातों की जानकारी, एक ओरिजिनल कैंसिल चेक या बेनिफिशियरी के बैंक पासबुक की अटेस्टेड कॉपी की जरूरत होती है। इसके अलावा अगर बेनिफिशयरी नाबालिग है तो उसका आयु प्रमाण पत्र भी देना होगा। इस योजना के तहत विधवा, बाल और अनाथ पेंशन मिलती है । विधवा पेंशन में हर महीने 6,200 रुपए तक पेंशन मिल सकती है। इसके तहत न्यूनतम पेंशन अब 1,000 रुपए है। पेंशन की रकम कर्मचारी द्वारा जमा की राशि पर निर्भर करती है। बाल पेंशन तब तक दी जाती है जब तक बच्चे 25 साल के नहीं हो जाते। अगर बच्चे विकलांग हैं तो उन्हें आजीवन पेंशन मिलती है। इसमें विधवा पेंशन का 25 फीसदी भुगतान किया जाता है और यह अधिकतम 2 बच्चों को मिलता है। अनाथ पेंशन भी 25 की उम्र तक मिलती है लेकिन यहां विधवा पेंशन का 75 फीसदी हिस्सा दिया जाता है।

# मारुति की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी की ऑन रोड टेस्टिंग शुरू

## -बलेनो पर आधारित है नई 'छोटी' एसयूवी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानीमानी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी की ऑन रोड टेस्टिंग शुरू कर दी है। इस कार को वाटीबी कोडनेम दिया गया है। यह सब-फोर-मीटर (4 मीटर से कम लंबी) एसयूवी अत्यधिक लोकप्रिय बलेनो प्रीमियम हैचबैक पर आधारित होगी। इसके अलावा इसे फिलहाल बलेनो क्रॉस नाम से जाना जा रहा है. इस कार की डिजाइन ग्रैंड विटारा और बलेनो से काफी इंस्पायर्ड होगी जिसे इस साल की शुरूआत में नया रूप दिया गया था।इस कार को जनवरी में आने वाले ऑटो एक्सपो में पेश किया जा सकता है। इस कार की रूफलाइन 2020 ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित फ्यूचरो-ई कॉन्सेप्ट से प्रेरित लगती है। बाकी हाइलाइट्स की बात करें तो यह कार ग्रैंड विटारा से इंस्पायर्ड शार्प लुक वाली एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट्स भी दी गई हैं.बाहरी हिस्से में एक तराशा हुआ बूटलिड, काले रंग के अलॉय व्हील, शार्क फिन एंटेना, एक रूफ-इंटीग्रेटेड स्पॉइलर, एक उल्टा ट्रेपोजॉइडल फ्रंट ग्रिल और बलेनो से लिए गए ओआरवीएम हैं। बात की जाए इंसट्रुमेंट्स लिस्ट की तो कार के इंटीरियर में ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी के साथ 9 इंच का फ्लोटिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एक हेड-अप डिस्प्ले, एक 360-डिग्री कैमरा सिस्टम, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 6 एयरबैग और बहुत कुछ शामिल होगा। उम्मीद है कि मारुति सुजुकी बलेनो क्रॉस को नेक्सा डीलरशिप की प्रीमियम सीरीज के जरिए सेल किया जाएगा। बढ़िया परफॉर्मेंस के लिए इस कार में 1.0-लीटर तीन-सिलेंडर बूस्टरजेट पेट्रोल इंजन का उपयोग किया गया है जिसका इस्तेमाल बलेनो फ्र में भी किया जाता है।

# आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, भाद्र पद शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि,पंचमी, गुरुवासरे, स्वाति नक्षत्रें, ब्रम्ह येगे, वालवकरणे, तुला की चंद्रमा, ऋषि पंचमी क्रत, जातकर्म, नामाकरण, अन्न प्रासन्न, सूती स्नान, क्रय विक्रय मु., दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तमवृत्ति वाला, योगी-भोगी किन्तु जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, सैनिक-सिपाही तथा कमाण्डर, ब्रिगेडियर, कर्नल, दस्ता नायक, कर्मठ वफादार सैनिक होगा।**

**मेष राशि :-** धन की प्राप्ति होगी, स्त्री-सुख तथा कल्याणकारी कार्य बनेंगे, समाचार मिलेगा।
**वृष राशि :-** अचानक संतान को श्रेष्ठ लाभ होगा, रोगों की वृद्धि, समय का लाभ मिलेगा।
**मिथुन राशि :-** व्यर्थ की दौड़धूप होगी, संतान कष्ट होगा तथा शत्रु पराजित होंगे, ध्यान दें।
**कर्क राशि :-** वाहन से मानसिक कष्ट, व्यय-तनाव से मानसिक पीड़ा अवश्य ही होगी।
**सिंह राशि :-** जमीन-जायजाद तथा संतान से सुख की प्राप्ति होगी, कार्य-विचार गुप्त रखें।
**कन्या राशि :-** यश, सुख की प्राप्ति होगी, संतान के कार्यो में यश प्राप्त होगा, अर्थव्यवस्था बिगड़े।
**तुला राशि :-** मित्र व भाईयों से लाभ होगा, रोजगार व धन प्राप्त होगा, अर्थ-व्यवस्था बिगड़ेगी।
**वृश्चिक राशि :-** अभिष्ठ सिद्धी की प्राप्ति होगी, अधिकार प्राप्त होगा किन्तु खर्च से मन बेचैन रहेगा।
**धनु राशि :-** नवीन निर्माण की योजना पर व्यय होगा किन्तु लाभ अवश्य ही होगा, ध्यान दें।
**मकर राशि :-** व्यापार से लाभ की आय बराबर बनी रहेगी, नवीन कार्य योजना बनेगी, ध्यान दें।
**कुंभ राशि :-** अचानक कार्य लाभ होगा परंतु नयी समस्या तत्काल ही खड़ी हो सकती है।
**मीन राशि :-** नये कार्यो में खर्च बढ़े, यात्रा-व्यापार से लाभ अवश्य होगा, समय का ध्यान रखें।

DELHI CRIME 02 sep 2022:Layout 1 9/1/2022 7:24 PM Page 6



# भारत दौरे और आईसीसी टी 20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, टिम डेविड की वापसी



**मेलबर्न, (हि.स.)।** भारत दौरे और आईसीसी टी 20 विश्व कप 2022 के लिए ग्लोबल टी 20 स्टार टिम डेविड को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ 20 से 26 सितंबर तक होने वाले तीन मैचों की टी20 सीरीज और आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा गुरुवार को की गई। लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन की जगह डेविड का चयन टीम में किया गया एकमात्र बदलाव है। डेविड ने पिछले दो साल के दौरान 86 टी20 मैचों में 168.40 के शानदार स्ट्राइक रेट से 1,874 रन बनाए हैं। उनका हर 4.5 गेंदों पर एक बाउंड्री का औसत है और 16-20 ओवरों के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 204.80 के प्रभाव-शाली स्तर तक चला जाता है। उन्हें फरवरी में आईपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 1.53 मिलियन डॉलर में खरीदा था। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में अपने प्रदर्शन के दम पर आईपीएल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने 194.41 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 278 रन बनाए। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं चुना गया था। 26 वर्षीय इस खिलाड़ी ने आईपीएल के ब्रेकआउट सत्र के बाद इंग्लैंड में टी20 ब्लास्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 174.57 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 405 रन बनाए। उन्होंने 121 टी20 मैचों में 12 विकेट भी लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया का टी20 विश्व कप अभियान 22 अक्टूबर से सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के साथ शुरू होगा।

**ऑस्ट्रेलिया की भारत दौरे और टी 20 विश्व कप के लिए टीम इस प्रकार है:** एश्टन एगर, पैट कमिंस (उपकप्तान), टिम डेविड, आरोन फिंच (कप्तान), जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# जडेजा, सूर्यकुमार ओर विराट ने बनाये रिकार्ड



**दुबई (ईएमएस)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने यहां एशिया कप क्रिकेट में हांगकांग के खिलाफ हुए मैच में अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। जडेजा ने हांगकांग के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में केवल 15 रन देकर एक विकेट लिया। इसी के साथ ही वह एशिया कप में भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड इरफान पठान के नाम था। एशिया कप में अब तक केवल 2 भारतीय गेंदबाजों ने ही 20 से अधिक विकेट लिए हैं। जडेजा ने अब तक 20 मुकाबले खेलकर 27 की औसत से 23 विकेट लिए। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 29 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है। वहीं पठान ने 12 मैच में 22 विकेट लिए है। इसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन 32 रन देकर 4 विकेट रहा है। वहीं आर अश्विन 18 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो सूर्यकुमार यादव ने हांगकांग के खिलाफ 20वें ओवर में 4 छक्के लगाकर 26 रन बनाये हैं। इस प्रकार सूर्यकुमार टी20 में 20वें ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड रोहित के नाम था। रोहित ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 20वें ओवर में 19 रन बनाये थे। वहीं दीपक चाहर ने भी साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 रन बनाए थे। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने मैच में नाबाद 59 रन बनाए। इस प्रकार वह भी एशिया कप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 2 मैच में 94 रन हो गए हैं जबकि सूर्यकुमार 86 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंची सेरेना विलियम्स



**न्यूयॉर्क, (हि.स.)।** तेईस बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स ने गुरुवार को यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। सेरेना ने तीन सेटों तक चले मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटेविट को 7-6(4), 2-6, 6-2 से हराया। अपने शानदार करियर का 1,013 वां मैच खेलते हुए विलियम्स पुराने फॉर्म में थीं और उन्होंने टेनिस प्रशंसकों को निराश नहीं किया। उन्होंने रोमांचक मुकाबले में पहला सेट 7-6 (4) से जीता। दूसरे सेट में कोंटेविट ने योजना में बदलाव के साथ कोर्ट पर कदम रखा और दूसरा सेट 2-6 से अपने नाम करने में सफल रहीं। तीसरे सेट में सेरेना ने वापसी की और तीसरा सेट 6-2 से अपने नाम कर तीसरे दौर में प्रवेश किया। मैच के बाद के अपने साक्षात्कार में, सेरेना ने कहा,"मेरे अंदर अभी भी थोड़ा सा टेनिस बचा हुआ है, मुझे चुनौती पसंद है। मैं बस कोशिश करते रहना चाहती थी और बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी।" उन्होंने कहा, "मेरे पास साबित करने के लिए कुछ भी नहीं है। मेरे पास जीतने के लिए कुछ भी नहीं है। और मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है।" एक अन्य मैच में, भविष्य की सुपरस्टार अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने रोमानिया की एलेना गैब्रिएला रुसे को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गॉफ का सामना अब तीसरे दौर में हमवतन मैडिसन कीज से होगा।

# यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड



**न्यूयॉर्क, (हि.स.)।** नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। रूड ने पुरुष एकल वर्ग में अपने दूसरे दौर के मैच में नीदरलैंड के टिम वैन रिजथोवेन को हराया। रूड ने रिजथोवेन को 6-7(4), 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पहले सेट टाइब्रेकर में गया, जहां डच खिलाड़ी को जीत मिली। हालांकि दूसरे सेट में रूड ने बेहतरीन वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम किया। इसके बाद रूड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बाकी दोनों सेट जीतकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। रूड इससे पहले इस साल रोलां गैरोस में अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे थे। अगले दौर में उनका सामना अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा। पॉल ने दूसरे दौर के मैच में हमवतन सेबस्टियन कोर्डा को 6-0, 3-6, 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका पाने के लिए रूड को यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरी ओर, अमेरिका के जॉन इस्नर चोट के कारण मैच से बाहर हो गए, जिसके बाद उनके प्रतिद्वंद्वी डेनमार्क के होल्गर रून्ने भी तीसरे दौर में पहुंच गए।

# वाटसन को भारत-पाक के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीद



**दुबई (ईएमएस)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत और पाकिस्तान टीमें आमने-सामने हो सकती हैं। वाटसन के अनुसार डब्ल्यूटीसीलीग तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर जगह बनाने के लिए टीमों के बीच कड़ा मुकाबला है। भारतीय टीम पिछले सत्र की उपविजेता रही है। उसके अपने छह शेष डब्ल्यूटीसी मुकाबलों में से 4 ऑस्ट्रेलिया और दो मैच बांग्लादेश में खेलने हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को अपने बचे हुए सभी पांच मुकाबले अपनी धरती पर ही खेलने हैं। वाटसन का मानना है कि भारत और पाक के पास कई मैच विजेता हैं, इसलिए इन दोने के लिए फाइनल में जगह बनाना आसान रहेगा। वाटसन ने कहा कि भारतीय और पाक टीम को मुकाबले से बाहर नहीं माना जा सकता क्योंकि इन दोनो ही टीमों के पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। साथ ही कहा कि अगर वे दोनों फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पातीं तो यह हैरानी की बात होगी। अभी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष दो स्थान पर कायम हैं। इसके बाद श्रीलंका, भारत और पाक का नंबर आता है।

वाटसन से जब फाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें प्रबल दावेदार हैं क्योंकि ये दोनो ही अच्छा खेल रही हैं। वाटसन इस बात से निराश हैं डब्ल्यूटीसी देर से शुरू हुई , इस कारण उन्हें इसमें खेलने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा काश मैं डब्ल्यूटीसी में खेल पाता। मेरे खेलने के दिनों में भी टेस्ट क्रिकेट में इसे शुरू करने बातें हो रहीं थीं पर इसे लागू होने से पहले ही मैंने संन्यास ले लिया था। वाटसन ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली था कि 2005 में आस्ट्रेलिया में विश्व एकादश के खिलाफ सुपर टेस्ट खेला जो बहुत खास था। यह मेरे द्वारा खेले गए शुरूआती टेस्ट मैचों में से एक था। उन्होंने कहा-इसका हिस्सा बनना विशेष था।

# जीते तो राज्य संघों को बनाएंगे आर्थिक रूप से बेहतर : भूटिया



**कोलकाता (ईएमएस)।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि अगर वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतते हैं तो सबसे पहले राज्य संघों को आर्थिक रूप से बेहतर बनाएंगे। भूटिया के अनुसार उनका लक्ष्य शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के साथ ही कोच भी तैयार करना रहेगा। दो सितंबर को होने वाले एआईएफएफ अध्यक्ष के लिए भूटिया और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के बीच मुकाबला है। पूर्व कप्तान ने यहां ईस्ट बंगाल के दौरे पर कहा, बंगाल सहित हर राज्य संघ को विभिन्न स्तरों पर अपनी लीग आयोजित करने के लिए पैसे की आवश्यकता है। अभी एआईएफएफ को एफएसडीएल से 50 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र सरकार से 30 से 40 करोड़ रुपये मिलते हैं। हमें राज्य संघों को जमीनी स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट और लीग का आयोजन करने के लिए आर्थिक सहायता देनी होगी। भूटिया के अनुसार उन्होंने इसके लिए बजट भी तैयार कर रखा है। पास पहले से ही बजट तैयार है। भूटिया ने कहा, अभी आधे राज्य संघों के पास अपनी लीग तक नहीं है, ऐसे में किस प्रकार से खिलाड़ी तैयार किये जाएंगे। साथ ही कहा कि यदि आप स्तरीय खिलाड़ी तैयार नहीं करते हैं तो आप विश्व कप में खेलने का सपना कैसे देखेंगे? इसलिए मेरी मुख्य प्राथमिकता सभी राज्यों की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। वहीं बहुत सारे राज्य संघ परेशानी में हैं। आप केवल आदेश नहीं दे सकते, आपको उनकी सहायता करनी होगी। इस कोष के माध्यम से यह महत्वपूर्ण है कि आप कोच तैयार करें। भूटिया ने कहा कि वह कोलकाता के बिग थ्री मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग में नई जान डालने के लिए एक प्रणाली लाना चाहते हैं, जो अब अपनी पेशेवर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निवेशकों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

# जापान ओपन 2022 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे एचएस प्रणय



**ओसाका, (हि.स.)।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने जापान ओपन 2022 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने गुरुवार को खेले गए पुरुष एकल वर्ग के अंतिम 16 में सिंगापुर के लोह कीन यू शिकस्त दी। प्रणय ने कोर्ट 1 पर खेलते हुए कीन यू को दो सीधे गेमों में 22-20, 21-19 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना क्वार्टर फाइनल में ताइवान के चाउ तिएन-चेन से होगा। इससे पहले बुधवार को राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पहले दौर में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। उन्होंने ली के साथ चार मुकाबलों में सीधे सेटों में 22-20, 23-21 से अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि लक्ष्य सेन और साइना नेहवाल पहले दौर में हार कर बाहर हो गईं। लक्ष्य सेन को जापान के निशिमोटो के हाथों 21-18, 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, साइना नेहवाल को विश्व चैंपियन अकाने यामागुची ने 21-9, 21-17 से हराया।

# एशिया कप 2022: हांगकांग ने विराट कोहली को भेंट की टीम जर्सी, दिया दिल को छू लेने वाला संदेश

**दुबई, (हि.स.)।** हांगकांग क्रिकेट टीम ने बुधवार को स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को टीम की जर्सी भेंट की। जिस पर एक दिल छू लेने वाला संदेश भी लिखा था। सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68) और विराट कोहली के (नाबाद 59) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हांगकांग को 40 रनों से हराकर एशिया कप 2022 के सुपर फोर चरण में क्वालीफाई किया। विराट को भेंट की गई जर्सी पर लिखा था, "विराट, एक पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। हम आपके साथ खड़े हैं! आगे कई अविश्वसनीय दिन हैं। ढ़ेर सारे प्यार के साथ। टीम हांगकांग।" कोहली इस उपहार से खुश थे और उन्होंने इसके लिए हांगकांग की टीम को धन्यवाद दिया। कोहली ने जर्सी की फोटो शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिया, "धन्यवाद हांगकांग क्रिकेट। यह उपहार वास्तव में अच्छा और बहुत प्यारा है।" बता दें कि वर्ष 2022 विशेष रूप से कोहली के लिए बहुत कठिन रहा है। इस साल, कोहली ने अपनी टीम के लिए केवल छह टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 35.00 के औसत से 175 रन बनाए हैं। इस साल प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 59 रन है। उन्होंने इस प्रारूप में भारत के लिए दो अर्धशतक बनाए हैं। इस साल सभी प्रारूपों में, उन्होंने 18 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 21 पारियों में, वह 28.50 की औसत से केवल 570 रन ही बना पाए हैं। उनके बल्ले से केवल पांच अर्धशतक निकले हैं, जिसमें 79 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। हांगकांग के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 192 रन बनाए। पूर्व कप्तान विराट कोहली ने नाबाद 59 और सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 68 रन बनाए। इसके अलावा केएल राहुल ने 36 रन बनाए। जवाब में हांगकांग की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 152 रन ही बना सकी और 40 रन से मैच हार गई। हांगकांग की तरफ से बाबर हयात ने 41, किंचित शाह ने 30 और जीशान अली ने नाबाद 26 रन बनाए।



ओसाका में जापान ओपन बैडमिंटन में थाईलैंड की बेनयापा और नूनटेकरन चीनी जोड़ी के खिलाफ उत्साहित नजर आयी। (फोटो-ईएमएस)

# भारत के दूसरे सबसे सफल टी20 कप्तान बने रोहित शर्मा

**दुबई, (हि.स.)।** विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए रोहित शर्मा भारत के दूसरे सबसे सफल टी20 कप्तान बन गए हैं। रोहित ने बुधवार को एशिया कप 2022 के दौरान दुबई में हांगकांग के खिलाफ अपनी टीम के ग्रुप ए मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अब तक, रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में अपने 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 31 में जीत हासिल की है और केवल 6 मैच हारे हैं। इस प्रारूप में कप्तान के रूप में उनकी जीत का प्रतिशत 83.78 है। महेन्द्र सिंह धोनी भारत के अब तक के सबसे सफल टी20 कप्तान बने हुए हैं। उन्होंने 72 मैचों में भारत की कप्तानी की, जिसमें से टीम ने 41 जीते, 28 हारे, एक बराबरी पर रहे और दो में कोई नतीजा नहीं निकला।

# एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने रवींद्र जडेजा



**दुबई, (हि.स.)।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा एशिया कप टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। जडेजा ने बुधवार को दुबई में हांगकांग के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में जडेजा ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने खतरनाक दिखने वाले बल्लेबाज बाबर हयात का विकेट लिया। हयात ने 35 गेंदों में 41 रन बनाए। जडेजा ने अपने चार ओवरों में 15 रन देकर 1 विकेट लिया। अब, जडेजा ने 2010 से 2022 तक आयोजित छह एशिया कप टूर्नामेंटों में 23 विकेट लिए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने वाले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान को पीछे छोड़ दिया है। जडेजा ने 2010 में अपने पहले एशिया कप में चार विकेट लिए, उसके बाद 2012 में एक, 2014 में सात, 2016 में तीन, 2018 में सात और मौजूदा एशिया कप में फिलहाल एक विकेट लिया है। एशिया कप के इतिहास में सबसे सफल गेंदबाज श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन हैं, जिनके नाम 30 विकेट हैं, इसके बाद 29 विकेट के साथ लसिथ मलिंगा हैं। तीसरे नंबर पर 26 विकेट के साथ अजंता मेंडिस हैं और चौथे नंबर पर 25 विकेट के साथ सईद अजमल है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 192 रन बनाए। पूर्व कप्तान विराट कोहली ने नाबाद 59 और सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 68 रन बनाए। इसके अलावा केएल राहुल ने 36 रन बनाए। जवाब में हांगकांग की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 152 रन ही बना सकी और 40 रन से मैच हार गई। हांगकांग की तरफ से बाबर हयात ने 41, किंचित शाह ने 30 और जीशान अली ने नाबाद 26 रन बनाए।

# देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रीलियन डॉलर बनाने में बेंगलुरु का हो सकता है अहम योगदान: योगी



**बंगलुरु, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गुरुवार को श्रीधर्मस्थल मंजूनाथेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस (एसडीएमआईएनवाईएस) के "क्षेमवन" नामक एक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे। कर्नाटक के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने उद्घाटन समारोह में कहा कि यह मेरे लिए अद्भुत क्षण है। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का बहुत घनिष्ठ संबंध है। कर्नाटक की परम्परा है कि भगवान श्री मंजूनाथ के अनुयायी गोरक्ष की परम्परा को आगे बढ़ाते हैं। यह अद्भुत केन्द्र खुल रहा है। कर्नाटक को संकट मोचक कहा गया है। भगवान श्रीराम जब जंगलों में घूम रहे थे तब हनुमान जी इसी कर्नाटक में उन्हें मिले थे। उनके साथ से राम सेतु का निर्माण हुआ। बोम्मई जी भी एक योगी की तरह ही कर्नाटक की सेवा कर रहे हैं। विरेन्द्र हेगड़े इस केन्द्र के माध्यम से एक योगी के रूप में समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह शहर आईटी एवं बॉयोटेक्नोलॉजी का हब माना जाता है। यह शहर दुनिया का मार्गदर्शन करता दिखाई दे रहा है। जब प्रधानमंत्री मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रीलियन तक ले जाने का आह्वान कर रहे हैं तो बंगलुरु का अहम योगदान हो सकता है। ऐसे समय में यह भी देखा जाना जरूरी है कि भारत के धर्मस्थलों की भूमिका क्या होनी चाहिए। विश्व योग दिवस के माध्यम से पूरी दुनिया भारत से जुड़ती दिखाई दे रही है। 175 देशों ने योग से जुड़कर योग और आध्यात्मिक ताकत का लोहा माना है। धर्म के सभी कार्य शरीर से ही संभव हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी है। भले ही लोग एलोपैथी की ओर भाग रहे हों लेकिन शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाना है तो आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, नेचुरोपैथी समेत पारम्परिक पद्धति की ओर जाना होगा। एक चौथाई आबादी होने के बावजूद कोविड के दौरान अमेरिका में भारत से दोगुनी मौत हुई। उप्र में नया आयुष विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है।

## 12 हजार वर्तमान व पूर्व कर्मचारी को मिलेगा लाभ डीटीसी पेंशन योजना को बोर्ड ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली परिवहन निगम डीटीसी ने अपने 12 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना को मंजूरी दी है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया कि ऐसे कर्मचारी जो अगस्त 1981 से नवंबर 1992 तक पेरोल पर थे पर 1992 में डीटीसी की पेंशन योजना का विकल्प नहीं चुना था उन्हें इस योजना में शामिल किया जाएगा। बोर्ड में एक और अहम फैसला लिया है, जिसमें सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पात्र आश्रितों को मौजूदा विशेष चिकित्सा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसका लाभ गैर पेंशनभोगियों के साथ डीटीसी के मृत नियमित कर्मचारियों के आश्रितों को भी मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस फैसले से डीटीसी पर प्रतिमाह 12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। डीटीसी पेंशन योजना को भूतल परिवहन मंत्रालय ने 23 नवंबर 1992 को निगम के कर्मचारियों के लाभ के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान स्वीकृत किया था। 1992 में लागू करते समय सभी डीटीसी कर्मचारियों को पेंशन योजना को चुनने और बाहर जाने का विकल्प भी दिया गया था। बताया जा रहा है कि करीब 12 हजार कर्मचारियों ने पेंशन योजना से बाहर रहने का फैसला लिया था। लेकिन, ये कर्मचारी डीटीसी योजना के तहत कवर करने की मांग करते रहे। वर्ष 2018 में दिल्ली के परिवहन मंत्री ने यूनियनों के प्रतिनिधियों को इसे लागू करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद डीटीसी अधिकारी, संघ के प्रतिनिधियों और परिवहन विभाग के अधिकारियों की एक समिति गठित की गई थी, जिसकी सिफारिश पर अब इसे लागू करने का फैसला लिया गया है।

## ईमानदार होने का दावा करने वाली कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई है 'आप'- भाजपा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आबकारी नीति को लेकर गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला जारी रखते हुए कहा कि मानव इतिहास में सबसे बड़ी पल्टू पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) है। भाजपा ने कहा कि ईमानदार पार्टी होने का दावा करने वाली आप कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल सरकार से पांच सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आखिर कमीशन के रिकमेंडेशन को ताक पर क्यों रखा ? शराब की बोतलें तो ज्यादा बिकीं किंतु आमदनी कम क्यों हुई ? पात्रा ने दिल्ली सरकार से पूछा कि ब्लेकलिस्टेड कंपनियों को ठेके क्यों दिए गए और होलसेलर का कमीशन 2 प्रतिशत से 12 प्रतिशत क्यों किया गया? उन्होंने यह भी जानना चाहा कि 144 करोड़ रुपए क्यों माफ किए गए ? पात्रा ने आगे कहा कि आज अरविंद केजरीवाल कह रहे थे कि सीबीआई वाले बड़े अच्छे लोग हैं, सीबीआई के लोगों ने उनके कान में कहा है कि निकला तो कुछ नहीं है, लेकिन मनीष सिसोदिया को तीन-चार दिन के बाद गिरफ्तार करना पड़ेगा। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल पहले सत्येंद्र जैन को राजा हरिश्चंद्र की तरह कट्टर ईमानदार मंत्री बता रहे थे, आज जैन सलाखों के पीछे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केजरीवाल अपने हर नेता की गिरफ्तारी के पहले इसी प्रकार का ड्रामा चलाते हैं। सत्येंद्र जैन जब गिरफ्तार होने वाले थे, जब भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबे हुए थे और उनकी जांच चल रही थी तब ठीक इसी प्रकार का भाषण केजरीवाल दे रहे थे। आज वे कह रहे हैं विश्व के 3,000-4,000 वर्षों के मानव इतिहास में सबसे ज्यादा प्रताड़ना आम आदमी पार्टी पर हुई है। पात्रा ने केजरीवाल पर हमला जारी रखते हुए कहा कि कट्टर ईमानदार पार्टी बनेंगे, ये कहने वाले चंद हफ्तों के अंदर किस प्रकार कट्टर भ्रष्टाचारी बन गए इसका अगर कोई जीता जागता उदाहरण पूरे विश्व में अगर कोई है, तो वो केजरीवाल की आम आदमी पार्टी है।

## गुलाम नबी आजाद के समर्थन में एनएसयूआई के 36 नेताओं और कई कार्यकर्ताओं के इस्तीफे



**जम्मू, (हि.स.)।** गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद कांग्रेसी नेताओं के इस्तीफों का दौर खत्म नहीं हुआ है जो जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। आजाद के समर्थन में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के 36 नेताओं और कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मूल सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में एनएसयूआई अध्यक्ष पीयूष शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिरुद्ध रैना और प्रदेश महासचिव माणिक शर्मा प्रमुख हैं। एनएसयूआई अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने पार्टी के कामकाज का हवाला देते हुए कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को संयुक्त त्यागपत्र सौंपा और उनके साथ अन्य कार्यकताओं के पार्टी छोड़ने की जानकारी दी। उनके मुताबिक पार्टी की मूल सदस्यता से इस्तीफा देने वाले 36 नेताओं और कई कार्यकताओं में अनिरुद्ध रैना (राज्य उपाध्यक्ष), माणिक शर्मा (राज्य महासचिव) के अलावा गौरव सूडान (कार्यकारी अध्यक्ष), शुभम वर्मा (उपाध्यक्ष), दीप शर्मा (उपाध्यक्ष), प्रिया एंडोत्रा (उपाध्यक्ष), शालू शर्मा (उपाध्यक्ष), अमित वर्मा (सचिव), बलबीर सिंह (महासचिव), रोहित सिंह (सचिव), रोहित वर्मा (सचिव), मानसी (महासचिव), पिंकी (सचिव), लक्ष्मी (सचिव) हैं। इससे पहले गुलाम नबी आजाद के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद समेत कांग्रेस के 64 वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पार्टी में नेतृत्व संकट का हवाला देते हुए कांग्रेस की अंतरिम प्रमुख सोनिया गांधी को एक संयुक्त इस्तीफा पत्र सौंपा था। कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाब नबी आजाद 4 सितंबर को जम्मू में अपनी पहली रैली को संबोधित करेंगे।

## इस साल अब तक सुरक्षाबलों ने 140 आतंकियों को मार गिराया : एडीजीपी कश्मीर

**श्रीनगर, (हि.स.)।** एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि इस साल अब तक सुरक्षाबलों ने 140 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें 36 आतंकी विदेशी जबकि 104 स्थानीय आतंकी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब कश्मीर में अशांति फैलाने का प्रयास करने वालों, आम लोगों या फिर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। श्रीनगर में एक प्रेस वार्ता में एडीजीपी कश्मीर ने एक बार फिर परिजनों से अपील की कि वे अपने बच्चों को गुमराह होने से बचाएं। उन्होंने आतंक की राह पर निकले युवाओं से भी हथियार छोड़कर फिर से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि आत्मसमर्पण करने वाले युवाओं को समाज में बेहतर जीवन जीने लायक बनाने के लिए प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। उनके इस प्रयास को सफल बनाने के लिए एडीजीपी ने आतंकियों के माता-पिता से भी सहयोग करने को कहा। एडीजीपी ने कहा कि जब तक कश्मीर में एक भी आतंकी जीवित है, उनका आतंक विरोधी अभियान जारी रहेगा।

# स्वदेशी एलसीए मार्क-2 लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट को मंजूरी, 2023 में भरेगा पहली उड़ान

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दुनिया के सबसे हल्के लड़ाकू विमानों में शुमार लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट मार्क-2 (एलसीए) के अगले साल 2023 के अंत में पहली उड़ान भरने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने एलसीए एमके-2 लड़ाकू विमान विकास परियोजना को मंजूरी दे दी है। सरकार की इस मंजूरी से उन्नत 17.5-टन एकल-इंजन विमान विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। नए विमानों का विकास 2027 तक पूरा होगा। इसके बाद तेजस डिफेंसिव एयरक्राफ्ट का तमगा खोकर अटैक करने वाले लड़ाकू विमानों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने स्वदेशी लड़ाकू विमान विकसित करने के लिए की जा रही पहलों को बढ़ावा देने के लिए एलसीए मार्क-2 लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप विकास को मंजूरी दे दी, जो वायु सेना में मिराज 2000, जगुआर और मिग-29 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। एलसीए मार्क-2 का प्रोटोटाइप वर्जन अगले साल 2023 के अंत में पहली उड़ान भरेगा। व्यापक उड़ान परीक्षणों के बाद यह परियोजना वर्ष 2027 तक पूरी होगी। सरकार ने यह भी मंजूरी दे दी है कि विमान में इस्तेमाल होने वाले इंजन प्रारंभिक विकास चरण के बाद 'मेड इन इंडिया' होने चाहिए। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के प्रमुख गिरीश देवधर के मुताबिक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) विमान को जीई-414 इंजन के साथ विकसित करेगा जो जीई-404 का उन्नत संस्करण है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को ऑर्डर किये गए 83 एलसीए मार्क-1 में जीई-404 इंजन लगाया गया है। 'टू फ्रंट वार' की तैयारियां कर रही वायुसेना को एचएएल स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके-1ए की आपूर्ति 2023 से शुरू करेगा और 2027 तक सभी विमान वायुसेना को मिल जाएंगे। इसी तरह 40 तेजस एमके-1 विमानों की भी आपूर्ति 2023 के मध्य तक पूरी की जाएगी। एचएएल के मुताबिक तेजस मार्क-2 की गति मैक 2 यानी 3457 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी मारक रेंज 2500 किलोमीटर होगी। यह 56 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसमें 23 मिलीमीटर की जीएसएच-23 गन होगी। साथ ही इसमें हवा से हवा में मार करने वाली सात मिसाइलें, हवा से




जमीन पर मार करने वाली चार मिसाइलें, एक एंटी रेडिएशन मिसाइल, पांच बम लगाए जा सकते हैं। तेजस मार्क-2 में ब्रह्मोस-एनजी मिसाइल भी लगाई जा सकती है।

इसके अलावा निर्भय, स्टॉर्म शैडो, अस्त्र, मीटियोर, असराम और क्रिस्टल मेज जैसी मिसाइलें भी लगाई जा सकती हैं। तेजस फाइटर के जनक चीफ डिजाइनर डॉ. कोटा हरिनारायण ने बताया कि इस विमान में प्रीसिशन गाइडेड बम, लेजर गाइडेड बम, क्लस्टर बम, अनगाइडेड बम और स्वार्म बम लगाए जा सकते हैं। तेजस का दूसरा पार्ट दोगुनी शक्ति के साथ दुश्मनों के छक्के छुड़ाएगा। नई पीढ़ी के एयरक्राफ्ट में मिसाइलों को लगाने की क्षमता दोगुना तक बढ़ाई गई है। पहले 4 टन युद्धक सामग्री ही ले जा सकते थे लेकिन अब 7 टन तक क्षमता बढ़ा दी गई है। नए तेजस में 9 के बजाए 11 हार्ड प्वाइंट्स लगाए गए हैं। इसके विंग तेजस की तुलना में 30 सेंटीमीटर बड़े हैं। विंग्स के आगे दोनों ओर कनॉट दिए गए हैं, जिससे दुश्मन के अटैक से बचाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें मिसाइल अप्रोच वार्निंग सिस्टम लगाया गया है। इसलिए पीछे से मिसाइल अटैक होने पर विमान बैक साइड में इतना घना धुआं छोड़ देगा कि दुश्मन की मिसाइल कंफ्यूज होकर निशाने से चूक जाएगी। तेजस मार्क-2 के कॉकपिट में वाइस कमांड भी दिया गया है, ताकि पायलट को बटन पुश करने का समय न होने पर वह आवाज देकर ही मिसाइल अटैक कर सकता है। इस तरह के अटैक में राफेल फाइटर प्लेन से ज्यादा प्रभावी होगा। सबसे बड़ी बात ये है कि तेजस का नया वर्जन मार्क-2 वायु सेना में मिग-29, जगुआर और मिराज फाइटर प्लेन की जगह लेगा।


## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

- राजकुमार कश्यप (दिल्ली) • दीपक कुमार (पटियाला)
- वीरेन्द्र कुमार ठाकुर • वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
- अनीता सिंह • राम नाथ • मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
- मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
- अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
- अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
- श्याम लाल (मेरठ) • रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
- नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
- ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
- ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
- फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
- पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**



**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**8375000672**



## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-

Visiting Card Size Advertisements:

Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-

Inner Page Rs.3000/-

# मूसेवाला के गाना जांदी वार के रिलीज पर लगाई रोक

## -सिद्धू मूसेवाला का है यह नया गाने



**मुंबई (ईएमएस)।** दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू के पिता ने नया गाना जांदी वार की रिलीज रोकने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसके बाद मनसा जिला न्यायालय ने गाने पर रोक लगाते हुए गाने के प्रचार-प्रसार को लेकर बनाए गए सारे एड हटाने के निर्देश भी सलीम को दिए हैं। कोर्ट में लंबी बहस के बाद रिलीज पर रोक लगाने के आदेश दिए गए। कोर्ट के आदेश में सारे एड हटाने का भी निर्देश दिया गया। सिद्धू मूसेवाला के पिता का कहना है कि अभी वह अपने बेटे की मौत का केस लड़ रहे हैं। इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे में अपना पूरा फोकस केस पर ही लगाया चाहते हैं। बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर सलीम मर्चेंट ने इंस्टाग्राम पर जांदी वार गाने को लेकर बताया था कि ऑफिशियली 2 सितंबर को इसे रिलीज करेंगे। इस गाने को सिद्धू और सिंगर अफसाना खान के साथ शूट किया गया है। सलीम की इस जानकारी के बाद सिद्धू के पिता बलकौर सिंह ने इसे रिलीज नहीं करने की कोर्ट में अपील की थी। गाने के रिलीज पर रोक लगाने का निर्देश दिए जाने के बाद सलीम ने कहा है कि अब ये गाना 2 सितंबर को रिलीज नहीं किया जाएगा। सिद्धू के माता-पिता के आशीर्वाद के बिना हम कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। उनके परमिशन के बाद ही गाने को रिलीज किया जाएगा। सलीम ने इंस्टा स्टोरी पर इसकी जानकारी भी दी है। बता दें कि इससे पहले सिद्धू मूसेवाला का गाना एसवाईएल को यूट्यूब से हटा दिया गया था। ये गाना रिलीज होते ही विवादों में आ गया था। इस गाने का वीडियो खुल नहीं रहा था और लिखकर आ रहा था कि सरकार की शिकायत पर इसे साइट से हटा दिया गया है। हालांकि इसे रिलीज होते ही करीब डेढ़ करोड़ से अधिक लोग देख चुके थे। बता दें कि सिद्धू मूसेवाला का नया गाना जांदी वार के रिलीज को लेकर कुछ दिन पहले ही संगीतकार सलीम मर्चेंट ने जानकारी दी थी। एक वीडियो रिलीज कर सलीम ने सिंगर की तारीफ करते हुए गाने को 2 सितंबर को रिलीज करने डेट अनाउंस की थी।

# जवान और पठान से कमबैक करेंगे शाहरुख

## -खान को सताया बॉक्स ऑफिस पर फिल्में फ्लॉप होने का डर






**मुंबई ....(ईएमएस)।** बालीवुड सुपर स्टार शाहरुख खान बड़े पर्दे पर जवान और पठान से बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं। फैंस उन्हें डॉन 3 में देखना चाहते हैं, लेकिन शाहरुख ने अभी इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। उन्हें हाल में ही यह फिल्म ऑफर हुई थी। इस फिल्म की स्क्रिप्ट फरहान अख्तर ने लिखी है। एक रिपोर्ट की माने तो शाहरुख खान को डॉन 3 की स्क्रिप्ट दी गई थी और उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया था। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, ऐसा नहीं है कि शाहरुख खान को स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई। बात सिर्फ इतनी है कि शाहरुख पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे। वह जानते है कि डॉन एक अहम किरदार है। रिपोर्ट में आगे कहा गया, और एक बार जब शाहरुख पूरी तरह से स्क्रिप्ट को लेकर आश्वस्त हो जाएंगे तो वह रोल को फिर करना चाहेंगे। बॉक्स ऑफिस का सिनेरियो अभी ठीक नहीं चल रहा है। वह किसी भी प्रोजेक्ट को साइन करने से पहले कई बार सोचना चाहते हैं। फिलहाल, फरहान अख्तर दोबारा से इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने आगे कहा, हम उम्मीद कर सकते हैं कि अगली बार जब वह शाहरुख से मिलेंगे, तो सुपरस्टार खुशी-खुशी डॉन 3 को साइन कर लेंगे। इससे उनके फैंस काफी खुश होंगे। जब फिल्म की अटकलों ने इतना क्रेज पैदा किया, तो कल्पना कीजिए कि जिस दिन फिल्ममेकर डॉन 3 की अनाउंसमेंट करेंगे, तो उस दिन क्या होगा! बात करें वर्कफ्रंट की, तो शाहरुख खान की तीन फिल्में पहले से ही पाइपलाइन में हैं। वह पठान के साथ अपनी वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में वह एक जासूस की भूमिका निभाते दिखेंगे।

# गायिका आकृति ने दिलाई सुष्मिता सेन को बरसों पुरानी याद

## - आकृति ने शेयर की इंस्टा स्टोरी पर यादगार तस्वीर



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहन पूरी दुनिया में अपनी खूबसूरती और बुद्धिमानी का डंका बजा दिया था! इस सौन्दर्य प्रतियोगिता को जीतने के बाद एक्ट्रेस को आए दिन तमाम इवेंट्स और फंक्शन में बुलाया जाने लगा। एक सिंगिंग प्रतियोगिता में सुष्मिता को विजेता बच्चियों को सर्टिफिकेट देने के लिए बुलाया गया। इनमें से एक आकृति ककक्ड़ भी थीं जो आगे चलकर बॉलीवुड की पॉपुलर प्लेबैक सिंगर बन गईं। सुष्मिता सेन को दिल्ली में एक म्यूजिक कंपीटीशन में बुलाया गया था, जहां आकृति कक्कड़ भी थीं। इस मौके की एक यादगार तस्वीर आकृति ने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। सुष्मिता जहां अपने पूरे नजाकत के साथ खूबसूरत अंदाज में नजर आ रही हैं, वहीं आकृति को देख पहचान पाना मुश्किल है। सुष्मिता के हाथों सर्टिफिकेट लेती आकृति के लिए ये तस्वीर आज भी सबसे कीमती है। आकृति कक्कड़ ने इंस्टाग्राम पर इस तस्वीर को 9 साल पहले 28 अगस्त 2013 में शेयर किया था। उसे एक बार फिर से रिशेयर कर पुरानी यादों को ताजा करते हुए सुष्मिता कैप्शन में लिखा बचपन के दिनों में दिल्ली में सिंगिंग। किसी प्रतियोगिता में जहां गॉर्जियस ग्रेसफुल सुष्मिता सेन जो ताजा ताजा मिस यूनिवर्स बनी थीं, गेस्ट थीं। लंबा समय बीत गया मैं यंग फील करती हूं। अपनी पुराने थ्रोबैक तस्वीर को एक बार फिर शेयर कर आकृति ने सुष्मिता सेन को टैग कर लिखा ओह माय गॉड 9 साल पहले। आकृति कक्कड़ ने सुष्मिता सेन के पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए लिखा आप कीमती है। आप की हर चीज से मुझे प्यार है। हर दिन प्रेरित करती हैं आप। बता दें कि आकृति कक्कड़ अब एक गॉर्जियस दीवा बन गई हैं। इस तस्वीर को देख उन्हें पहचान पाना मुश्किल है। आकृति को जिस्म 2 में गाना अभी अभी और हमप्टी शर्मा की दुल्हनियां फिल्म में सैटर-डे सैटरडे जैसे तमाम हिट गानों के लिए जानी जाती हैं।

# करीना कपूर बोलीं- पिछले दशक की सबसे बेहतरीन एक्ट्रेस रही हैं आलिया




करीना कपूर ने एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट की तारीफ की है। एक्ट्रेस ने कहा कि आलिया पिछले दशक की सबसे फाइनेस्ट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। साथ ही उन्होंने 29 साल में आलिया के मां बनने के डिसिजन की भी तारीफ की है। एक्ट्रेस ने कहा, "आलिया को एड-वाइज की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि वो पिछले दशक की सबसे बेहतरीन एक्ट्रेस रही हैं। इतनी यंग ऐज में मां बनने का फैसला उनका है और यह अच्छी बात भी है।" करीना ने आगे कहा, "वह काफी बहादुर एक्ट्रेस हैं और एक बहादुर इंसान भी हैं। प्रेग्नेंसी एक महिला की लाइफ में बहुत नॉर्मल सी चीज होती है। वो बच्चे के बाद भी अपने करियर में ऐसे ही अच्छा करती रहेंगी, क्योंकि आलिया एक बेहद टैलेंटेड एक्ट्रेस है। इसलिए, आपको खुद में यकीन रखने की जरूरत होती है और यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है।"

# जैकी श्रॉफ ने की सलमान की तारीफ



दिग्गज एक्टर जैकी श्रॉफ और सलमान खान ने कई फिल्मों में एक दूसरे के साथ काम किया है। दोनों एक्टर एक दूसरे को काफी मानते हैं और प्यार भी करते हैं। जैकी-सलमान दोनों आए दिन सोशल मीडिया पर या मीडिया से बातचीत में एक दूसरे की तारीफ भी करते रहते हैं। अब हाल ही में जैकी श्रॉफ ने एक बार फिर 'दबंग' स्टार सलमान खान की जमकर तारीफ की है। जैकी ने यह तक कह दिया कि वे खुद को सलमान में देखते हैं। सलमान की तारीफ करते हुए जैकी ने कहा कि उन्हें लगता है कि सलमान उन्हें देखकर ही बड़े हुए हैं। सलमान की ढेर सारी बातें हैं, जो उन्हें काफी खास बनाती हैं। सलमान का ड्रेसिंग स्टाइल, उनके चलने-बोलने का स्टाइल और दूसरी चीजें जैकी श्रॉफ को खुद की याद दिलाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनकी लाइफ में सलमान जैसा कोई नहीं है।

# ट्रेंड होना चाहते हैं अनुराग कश्यप-तापसी पन्नू



अनुराग कश्यप ने नेटिजन्स से अपील की है कि उनकी फिल्म दोबारा को बायकॉट करने की मांग करें। उनका कहना है कि इससे मैं आमिर-अक्षय के क्लब में शामिल हो जाऊंगा। बता दें, तापसी और अनुराग अपनी अपकमिंग फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आप आमिर और अक्षय की फिल्मों के बायकॉट होने के बाद डरे हुए है? जिसे सुनकर कश्यप कहते हैं कि 'मै चाहूंगा की ट्विटर पर #boycottkashyap ट्रेंड हो।' वहीं इस पर तापसी ने कहा कि "प्लीज सभी लोग हमारी फिल्म को बायकॉट करिए अगर आमिर खान और अक्षय कुमार बायकॉट हो सकते हैं तो मुझे भी उस ग्रुप का हिस्सा बनना है"। इसके बाद दोनों ने ऑडियंस से रिक्वेस्ट करते हुए कहा कि 'फिल्म देखो ना देखो मगर बायकॉट कर दो'।

# धनश्री वर्मा ने 'सोना कितना सोना है' पर किया जबरदस्त डांस



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा अपने डांस वीडियोज को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही उनका एक पुराना डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में धनश्री आयरलैंड की सड़कों पर गोविंदा और करिश्मा की फिल्म हीरो नंबर 1 के गाने 'सोना कितना सोना है ' पर जोरदार डांस करती हुई नजर आईं। धनश्री ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, फूलों और मौसम ने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया, इसे 90 के दशक की तरह कैजुअल ही रहने दो। धनश्री के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे है। बता दें, धनश्री वर्मा एक प्रोफेशनल डांसर और कोरियोग्राफर भी हैं।

# सोनम कपूर के बेबी बॉय के नाम का खुलासा

## -सोनम के बेटे के नाम का पहला अक्षर के से शुरू होता



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा एक बेबी बॉय के पेरेंट बनने के बाद बेहद खुश है। दोनों ने अभी तक अपने बेटे के नाम का खुलासा नहीं किया है। हालांकि सोनम की बहन रिया कपूर ने बेबी के निक नेम का खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि वह बेबी को सिंबा कहकर पुकारती हैं। लेकिन अब बेबी के नाम का खुलासा हो गया है। इसका हिंट सोनम ने कुछ दिन पहले अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। सोनम कपूर ने बेबी बॉय के लिए कस्टमाइज्ड कंबल और कपड़े बनवाए थे जिन पर बेबी का नाम लिखा हुआ था। बेबी का नाम के आहूजा है और कई लोग सोच रहे हैं कि सोनम ने अपने बेटे का जो नाम रखा है, उसका पहला अक्षर के शुरू होता है। सोनम को प्रेजेंट करने वाले किड्स ब्रांड ने भी इसकी झलक अपने एक वीडियो पोस्ट में दिखाई थी। किड्स ब्रांड ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हम सोनम कपूर को उनके जीवन के इस नए चैप्टर के लिए शुभकामनाएं देते हैं और इसका एक छोटा सा हिस्सा बनकर खुश हैं।

वीडियो में देख सकते हैं कि इसमें कुछ बेबी के आउटफिट और प्रोडक्ट हैं। कुछ आउटफिट पर आहूजा लिखा हुआ है जबकि एक आउटपिट पर बेबी के आहूजा लिखा हुआ है। सोनम कपूर डिलीवरी से पहले वोग को दिए इंटरव्यू में फिल्मों में कमबैक को लेकर बात की। उन्होंने कहा था कि यह प्रसव के बाद अलग होगा। अब कपल की प्राथमिकताएं अपने न्यूबॉर्न बेबी पर क्रेंदित हो गई है। सोनम ने हाल ही में फेय डिसूजा हुई बातचीत में कहा कि अब उनका करियर पहले से बिल्कुल अलग होगा। उन्होंने कहा कि वह हमेशा फिल्मों के पीछे भागने में नहीं रहीं। सोनम कपूर ने कहा, मैं बस अपना काम कर रही हूं। मुझे नहीं लगता कि यह बदलेगा, लेकिन प्राथमिकताएं बदल जाती हैं और मुझे लगता है कि बच्चा मेरा हो जाएगा। सच तो यह है कि उसने (बेबी) इस दुनिया में आना ही नहीं चुना। हमने उसे यहां लाने का फैसला किया है, इसलिए यह एक बहुत ही स्वार्थी फैसला है।

# आमिर खान ने अपनी गलतियों के लिए मांगी माफी



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अपनी गलतियों के लिए माफी मांगी है। इस पोस्ट को आमिर खान की प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। यह पोस्ट एक वीडियो है, जिसकी शुरूआत शाहरुख खान की फिल्म 'कल हो न हो' के म्यूजिक से होती। इसके बाद एक व्यक्ति की आवाज आती है, जो यह कहता है, "मिच्छामि दुखणम...हम सब इंसान है, और गलतियां इंसान से ही होती है। कभी बोल से, कभी हरकतों से, कभी अनजाने में, कभी गुस्से में, कभी मजाक में, कभी नहीं बात करने से। अगर मैंने कभी भी तरह से आपका दिल दुखाया है तो मन, वचन, काया से आपसे क्षमा मांगता हूं।" सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है और इसपर यूजर्स मिली जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ यूजर्स आमिर खान को चिल रहने और अच्छी फिल्म बनाने के लिए कह रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स उनकी गलतियां गिना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा पिछले महीने ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। लेकिन फिल्म रिलीज होने के पहले से लेकर रिलीज होने के बाद तक विवादों में रही और सोशल मीडिया पर लगातार इसके बायकॉट की मांग होती रही। इसका कारण आमिर और करीना के कुछ पुराने और विवादित बयान थे। लेकिन अब आमिर ने अपनी गलतियों को सुधारने का फैसला लिया है और फैंस से माफी मांग ली है।

## सूडोकु नवताल- 6180

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्दजाल- 6927

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | मा | है | लो | ब्र | द | र | ह | क | ल |
| हा | टी | सू | ह | गु | ल | जी | स | ल | क | क |
| हे | वी | औ | द | अं | ला | त | र | म | ल | भी |
| रा | र | दा | र | ल | क | म | ओ | र | सु | अ |
| म | स | न | ष | ब | म | मी | छ | बा | न | ल |
| प | मी | त्या | स | जि | ब | क | प | बू | स | वि |
| के | ह | बु | की | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | छ | कु | छ | हो | ता | है | प | ना |
| प | हे | ली | सू | ह | प | ने | ने | ल | जी | क |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | ह |
| म | ह | न | ह | म | तु | म | न | ज | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल में रानी मुखर्जी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

कभी अलविदा ना कहना, बाबूल, पहेली, हमतुम, सत्या, हे राम, हैलो ब्रदर, गुलाम, बंटी और बबली, कुछ कुछ होता है

### शब्दजाल - 6926 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | प | कु | क | या | म | त | ला | नी | क |
| ए | रा | र | ज | इं | डो | ने | ह | क | जं | प |
| क | त | दे | अ | म | न | इ | दि | न | ग | म |
| हि | न | शी | मा | ज | ल | स | वा | प | प | घा |
| न्दू | म | बा | थ | त | न | उ | ना | ख | री | त |
| स्ता | जे | बु | र | रा | द | बी | म | ल | ड़ | सा |
| नी | मा | दे | सो | व | जा | स | स्ता | पी | ख | न |
| रा | दे | श | बा | च | प | जी | ना | ड़ | भ | क |
| ल | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | त |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | अ | ग्नि | व | र्षा | स | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5880

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 4 | 2 | | 7 |
| | 31 | | 28 | | 30 | 1 |
| | | 7 | 3 | | 2 | |
| 4 | 33 | | 29 | 1 | 31 | 6 |
| 3 | | 1 | | 5 | | |
| | 34 | 6 | 35 | | 40 | 3 |
| 2 | 3 | | 1 | 6 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5879 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 23 | 1 | 26 | 6 | 40 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 47 | 7 | 35 | 7 | 26 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी

Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in